हैरी पॉटर

और शापित संतान

खंड एक और दो

नाट्य पटकथा



जे.के. रोलिंग

जॉन टिफ़ैनी और जैक थॉर्न

की मौलिक नई कहानी पर आधारित **जैक थॉर्न** का नया नाटक

BLOOMSBURY

हैरी पॉटर

और
शापित संतान

खंड एक और दो

नाट्य पटकथा

जे. के. रोलिंग

की मौलिक नई कहानी पर आधारित

जॉन टिफ़ैनी और जैक थॉर्न

जैक थॉर्न का नया नाटक

सोनिया फ़्राइडमैन प्रॉडक्शन्स, कॉलिन कैलेंडर
और हैरी पॉटर थिएट्रिकल प्रॉडक्शन्स द्वारा
पहली बार प्रस्तुत एवं मंचित

मूल वेस्ट एंड मंचन की
आधिकारिक पटकथा

हैरी पॉटर

और
शापित संतान

खंड एक और दो
नाट्य पटकथा

अनुवाद : डॉ. सुधीर दीक्षित

BLOOMSBURY
NEW DELHI LONDON OXFORD NEW YORK SYDNEY

अनुक्रम

समर्पण

जे.के. रोलिंग

जैक थॉर्न को
जो मेरी दुनिया में आए
और सुंदर काम किए

जॉन टिफ़ैनी

जो, लुइस, मैक्स, सनी और मर्ले को... ये सभी जादूगर हैं...

जैक थॉर्न

इलियट थॉर्न को, जन्म 7 अप्रैल 2016।
जब हम रिहर्सल करते थे, तो वह किलकारियाँ भरता था।

पटकथा पढ़ने संबंधी चर्चा

निर्देशक जॉन टिफ़ैनी

और

नाटककार जैक थॉर्न का वार्तालाप

जैक

मैंने जो पहला नाटक पढ़ा, वह था जोसफ़ एंड द अमेज़िंग टेक्नीकलर ड्रीमकोट। मैं तब प्राइमरी स्कूल में पढ़ता था और बहुत रोमांचित था। मुझे अच्छे से याद नहीं है, लेकिन मुझे लगता है कि मैंने इसे मुख्यतः इसलिए पढ़ा था, क्योंकि मैं इसमें अपनी पंक्तियाँ तलाश रहा था। हाँ, मैं एक शैतान बच्चा था और हाँ, मैं जोसफ़ की भूमिका निभाने वाला था। मैंने जो अगला नाटक पढ़ा, वह था द सिल्वर स्वोर्ड, जो इयान सेरेलियर की मशहूर पुस्तक का मंचीय रूपांतरण था। इसमें मेरी मुख्य भूमिका नहीं थी – मैं सोचता हूँ कि मैंने 'तीसरे लड़के' या ऐसी ही कोई छोटी सी भूमिका निभाई थी। मैं ईडेक बालिकी का किरदार निभाना चाहता था। ईडेक की भूमिका के लिए मैं कुछ भी दे सकता था, लेकिन दुखद रूप से तब तक मेरा अभिनय करियर ढलान पर था और समाप्ति के बिंदु पर था। मैं नौ साल का था।

जॉन

मैंने जो पहली पटकथा पढ़ी, वह थी ऑलिवर! तब मैं नौ साल का था (इतनी छोटी उम्र में भी मुझे स्पष्ट अहसास था कि विस्मयादिबोधक चिह्न का मतलब था कि यह नाटक संगीतमय था – ऑलिवर ... गानों के साथ!)। मुझे हडर्सफ़ील्ड अमेच्योर ऑपरेटिक सोसायटी के 1981 के मंचन में अनाथ ऑलिवर की भूमिका में लिया गया। मुझे याद नहीं है कि मैंने अपने लहज़े को बदलने की कोई कोशिश की हो, इसलिए हमारा मंचन डिकेन्स के मूल पात्र का अजीब काल्पनिक मंचन था, जिसमें ऑलिवर की माँ उसे जन्म देने के लिए वेस्ट यॉर्कशायर के एक अनाथालय तक जाती है। आपकी ही तरह मैंने भी अपनी

पंक्तियों की तलाश में ही पटकथा पढ़ी थी। मुझे याद है कि मैं ख़ास तौर पर एक पीला हाइलाइटर पेन ख़रीदने गया था, ताकि मैं अपनी पटकथा में ऑलिवर की पंक्तियों को हाइलाइट कर सकूँ, जैसा मैंने अपने साथी पात्रों को करते देखा था। ज़ाहिर है, मैं सोचता था कि यह एक अनुभवी कलाकार की निशानी है। बाद में जाकर आर्टफुल डॉजर ने मुझे बताया कि मुझे अपनी पंक्तियों को हाइलाइट ही नहीं करना था, बल्कि उन्हें याद भी करना था। इस तरह नाटक पढ़ने के मेरे सबक़ शुरू हुए।

जैक

काश मैंने आपका ऑलिवर देखा होता। और आपकी हाइलाइट की हुई पटकथा भी। मैं हमेशा से आपकी साफ़–सुथरी भूरी निर्देशक नोटबुकों का प्रशंसक रहा हूँ। मेरी पटकथाएँ हमेशा मुड़ी हुई और ऐसे नोट्स से भरी रहती हैं, जिन्हें पढ़ना मुश्किल होता है।

तो आप क्या सोचते हैं कि पटकथाओं को कैसे पढ़ना चाहिए? वे कैसे पढ़ी जा सकती हैं? जब मैं प्रकाशन के लिए मंच निर्देश लिखने की कोशिश कर रहा था – हमारे शुरू करने से पहले की आपाधापी के अंतिम कुछ सप्ताहों में – तो मैं इस बारे में सचमुच चिंतित हो गया। मुझे याद है कि रिहर्सल में हम पटकथा के बहुत सारे टुकड़े हटा देते थे, क्योंकि अभिनेता बिना कोशिश के सिर्फ़ एक निगाह से किसी चीज़ को व्यक्त कर देते थे, इसलिए मेरी लिखी पंक्तियों की ज़रूरत ही नहीं रह जाती थी। यह पटकथा अभिनेताओं के एक ख़ास समूह के लिए लिखी गई थी, लेकिन दूसरों को भी तो वे भूमिकाएँ निभानी थीं। पाठक को पात्रों की कल्पना करनी होती है, जिस तरह कि निर्देशक को होती है। जब आप किसी पटकथा को पहली बार पढ़ते हैं, तो आपको किसकी तलाश होती है?

जॉन

निर्देशक के रूप में जब आप किसी नई पटकथा को पहली बार पढ़ते हैं, तो वह बहुत क़ीमती अनुभव होता है। यह वह सबसे क़रीबी अनुभव होता है, जो आपके दर्शकों के अनुभव से मेल खाता है, जो पहली बार पटकथा का मंचन देख रहे हों। पूरी पटकथा पढ़ने से हमें उस कहानी, इसके पात्रों और नाटककार की विषयवस्तु की समझ

मिलनी चाहिए। पटकथा हमें हँसा या रुला सकती है। यह हमें कहानी के आनंद में बहा सकती है और इसके पात्रों के कष्ट से हमें गहरी निराशा भी महसूस करा सकती है। पटकथा पूरे मंचन और एक ऐसे अनुभव की ओर ले जाती है, जिसे दर्शकों तक पहुँचाया जा सके। नाटककार के रूप में पटकथा लिखते समय आप इस पूर्ण अनुभव में से कितने की कल्पना करते हैं? क्या आप बोल–बोल कर पात्रों की पंक्तियाँ टाइप करते हैं?

जैक

मैं इससे भी बुरा करता हूँ, मैं उनकी तरह हरकतें भी करता हूँ। जब आप किसी मशहूर कॉफ़ी शॉप और सैंडविच रिटेलर में यह काम करें, तो बहुत से लोग अजीब निगाहों से देखने लगते हैं। मैं खुद को पात्रों की तरह भावभंगिमा करते और संप्रेषण करते हुए पाता हूँ। यह बहुत शर्मसार करने वाला होता है।

इस ख़ास पटकथा को लिखने की प्रक्रिया के बारे में शायद सबसे रोचक चीज़ यह थी कि मैंने अभिनेताओं के साथ जितना समय गुज़ारा, उतना पहले कभी नहीं गुज़ारा था – कभी भी। कई सप्ताहों की वर्कशॉप और फिर कई सप्ताहों की रिहर्सल के दौरान हम सभी इतने ज़्यादा समय तक उन कमरों में इकट्ठे रहे, हम सभी, डिजाइन टीम से लेकर साउंड टीम और लाइट टीम तक। मैं नहीं सोचता कि हममें से किसी को भी ऐसा अनुभव पहले हुआ था – मैं सोचता हूँ कि कुल मिलाकर शायद यह लगभग आठ महीने का समय रहा होगा। आप पूछेंगे कि इसका सृजन पर क्या प्रभाव पड़ा? मुझे विश्वास है कि इस वजह से यह बहुत बेहतर हुआ, लेकिन इससे भी ज़्यादा बड़ी बात, क्या आप सोचते हैं कि इससे हमने जो किया, उसका लहज़ा बदला?

जॉन

मुझे यह सुनकर बहुत अच्छा लगा कि आप कैफ़े में बैठकर अपने नाटक के पात्रों की तरह बुदबुदाते और चेहरा बनाते हैं! मैं सोचता हूँ कि शायद आपको यह काम दर्शकों के सामने करना चाहिए, जैक। यह प्रदर्शन की एक अनूठी शैली लगती है। हम इसका प्रदर्शन कर सकते हैं। मैं कर्स्ड चाइल्ड के अभिनेताओं को जानता हूँ और मैं सबसे आगे की क़तार वाली सीटें बुक कराऊँगा। नहीं? अच्छा तो फिर ठीक है...

मैं निश्चित रूप से सोचता हूँ कि हमने वर्कशॉप और रिहर्सल में जो इतना सारा समय इकट्ठे बिताया, उसका हमारे सृजन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। पूरी प्रक्रिया अब भी तस्वीर की तरह साफ़ और दिल में समाई हुई है। 2014 की शुरुआत में जो के साथ कहानी के बारे में शुरुआती बैठकों से लेकर 2016 की गर्मियों तक, जब दर्शकों ने हमारा पहला मंचन देखा, तब तक इतने सारे अभिनेताओं, सृजनशील लोगों, कलाकारों, प्रोड्यूसर्स, प्रॉडक्शन और टेक्निकल टीमें रही हैं, जिन्होंने इस नाटक में योगदान दिया। यही वह मुख्य कारण है, जिस वजह से मैंने प्रकाशित पटकथा में उन सभी के नाम शामिल करने पर ज़ोर दिया। इसीलिए प्रकाशित पटकथा किसी थिएटर में मंच देखने के पूरे अनुभव का सिर्फ़ द्वार हो सकती है।

तो इस पटकथा के लेखक के रूप में आपको क्या लगता है कि इस नाटक को पढ़ने वाले लोगों की कल्पना के भीतर क्या होता है, जो अब तक इसका मंचन नहीं देख पाए हैं?

जैक

मैं सोचता हूँ कि इस प्रश्न का जवाब देना मुश्किल है। जिस दिन नाटक का मंचन होने वाला था, उसके एक दिन पहले मैंने एक ट्वीट किया था, 'मैं चाहूँगा कि लोग इसे देखें, नाटक देखना पढ़ने से बेहतर होता है – नाटक शीट म्यूज़िक की तरह होते हैं, जिनका मक़सद गायन होता है और हमारे पास बियॉन्स जैसे बहुत ही शानदार पात्र और समूह है।' तो शायद यही जवाब है : कि वे अभिनय जगत के बियॉन्स की कल्पना करें – भावनात्मक और परानुभूतिपूर्ण दिग्गज – जो अपनी सूक्ष्मता और गरिमा से हर पंक्ति में जान डाल देते हैं (क्योंकि यही वास्तविकता है, हमारे पात्र असाधारण हैं) – और स्टेज, गतिविधि, पोशाक, प्रकाश–व्यवस्था तथा वीडियो व ध्वनि सभी कमाल के हैं।

या शायद मैं बस यह उम्मीद करता हूँ कि पाठक इसे उसी तरह पढ़ पाएँगे, जिस तरह मैंने इसे लिखा था – एक कंधे पर जो और दूसरे पर जॉन आप – हर पंक्ति में उस भावनात्मक सच्चाई को व्यक्त करने की पूरी कोशिश करते हुए, जो हैरी पॉटर की पुस्तकों में रहती है। ज़ाहिर है, मुश्किल चीज़ पंक्तियों के बीच छिपे संदेश हैं, जिस

तरह निगाहें भावनात्मक संदेश देती हैं और पटकथा में आंतरिक एकालाप को सचमुच पकड़ना असंभव होता है। गद्य में आप यह लिख सकते हैं कि कोई कैसा महसूस करता है और मंचन करते समय पात्र आंतरिक एकालाप को अपने चेहरे से बयां कर सकते हैं। इसके अलावा मंच पर बहुत सारे जादुई करतब होते हैं, जिन्हें मैं नहीं बता सकता, क्योंकि इससे नाटक देखने का मज़ा ख़राब हो जाएगा और जैमी हैरिसन (इल्यूज़न्स और मैजिक) को मैजिक सर्कल से बाहर निकाल दिया जाएगा! शायद पाठक अपने दिमाग़ के भीतर इसका मंचन कर सकते हैं? शायद वे भी मेरे जितने सिरफिरे हो सकते हैं और किसी कैफ़े में बैठकर सारी भूमिकाओं का अभिनय कर सकते हैं? आपको क्या लगता है, लोगों को इसे कैसे पढ़ना चाहिए?

जॉन

जैसा आपने कहा, गद्य में आप आंतरिक एकालाप के ज़रिये यह सच्चाई बता सकते हैं कि कोई कैसा महसूस करता है और आप समृद्ध वर्णन के ज़रिये दृश्यात्मक विवरण भी दे सकते हैं, जबकि हमारे पास अभिनेता और सृजनात्मक सहयोगी होते हैं, जो इन बातों को मंच पर सजीव करने के लिए हमारे साथ काम करते हैं। फिर भी, हम अक्सर अपने दर्शकों की सामूहिक कल्पना पर निर्भर करते हैं कि वे कहानी के किसी ख़ास पल को पूर्ण सफलता तक पहुँचा दें। यह भी एक कारण है कि मैं थिएटर को लेकर इतना जोशीला हूँ; फ़िल्म में कंप्यूटर से उत्पन्न कल्पनाशीलता होती है, लेकिन हमारे पास दर्शकों की कल्पनाशीलता होती है। दोनों ही बेहद शक्तिशाली हैं।

मैं सोचता हूँ कि पाठक अपने दिमाग़ में पटकथा का मंचन करें, आपका यह विचार बहुत ही गज़ब का है। या बेडरूम में अपने जीवनसाथी के साथ। शायद इसके और हमारे दर्शकों की कल्पना के बीच एक संबंध है। हम कड़ी मेहनत करेंगे, ताकि जो भी *हैरी पॉटर एंड द कर्स्ड चाइल्ड* का हमारा मंच देखना चाहता हो, चाहे पैलेस थिएटर, लंदन में या किसी दूसरी जगह, वह ऐसा कर पाए। इस दौरान मैं हमारे पाठकों की कल्पना में हो रहे उन असंख्य मंचनों के बारे में रोमांचित हूँ, जो वे आपके नाटक को पढ़ते समय करते हैं।

Timestamp TK

खंड एक

खंड एक

अंक एक

अंक एक दृश्य एक

किंग्स क्रॉस

व्यस्त और भीड़ भरा स्टेशन। यहाँ ढेर सारे लोग हैं, जो कहीं जाने की कोशिश कर रहे हैं। हड़बड़ी और हुल्लड़ के बीच दो लदी हुई ट्रॉलियों के ऊपर दो बड़े पिंजरे खड़खड़ा रहे हैं। उन्हें दो लड़के जेम्स पॉटर *और* एल्बस पॉटर *धका रहे हैं।* उनकी माँ जिनी *पीछे–पीछे आ रही हैं। सैंतीस साल के* हैरी *के कंधों पर उसकी बेटी* लिली *है।*

एल्बस

डैडी। वह बार–बार वही बात बोलता रहता है।

हैरी

जेम्स, रहने दो।

जेम्स

मैंने तो सिर्फ़ इतना कहा था कि वह नागशक्ति में जा सकता है। और वह जा भी सकता है, इसलिए... *(अपने डैडी की गुस्से भरी निगाह देखकर)* कोई बात नहीं।

एल्बस *(अपनी मम्मी को देखते हुए)*

आप मुझे चिट्ठी लिखेंगी, है ना?

जिनी

तुम चाहो, तो हर दिन लिखेंगे।

एल्बस

नहीं। हर दिन नहीं। जेम्स कहता है कि ज़्यादातर विद्यार्थियों को घर से महीने में एक ही चिट्ठी आती है। मैं नहीं चाहता कि...

हैरी

हमने तुम्हारे भाई को पिछले साल हर सप्ताह तीन चिट्ठियाँ लिखी थीं।

एल्बस

क्या? जेम्स!

एल्बस जेम्स को आरोप भरी निगाह से देखता है, जो दाँत निकालता है।

जिनी

हाँ। तुम्हें अपने भाई की हर उस बात पर यक़ीन नहीं करना चाहिए, जो वह तुम्हें हॉगवर्ट्स के बारे में बताता है। वह बहुत मज़ाकिया है।

जेम्स

क्या अब हम जा सकते हैं?

एल्बस ने अपने डैडी को देखा और फिर मम्मी को।

जिनी

तुम्हें बस प्लेटफ़ॉर्म नौ और दस के बीच की दीवार में सीधे चलकर घुस जाना है।

लिली

मैं बहुत रोमांचित हूँ!

हैरी

रुकना नहीं और डरना मत कि तुम इससे टकरा जाओगे, यह बहुत महत्वपूर्ण है। अगर तुम घबरा रहे हो, तो सबसे अच्छा यही रहेगा कि तुम यह काम दौड़कर कर लो।

एल्बस

मैं तैयार हूँ।

हैरी और लिली अपने हाथ एल्बस की ट्रॉली पर रखते हैं – जिनी जेम्स की ट्रॉली के क़रीब पहुँच जाती है – और पूरा परिवार मिलकर बैरियर की तरफ़ तेज़ी से दौड़ लगाता है।

अंक एक दृश्य दो

प्लेटफ़ॉर्म पौने दस

जो हॉगवर्ट्स एक्सप्रेस से निकलते गहरे सफ़ेद धुएँ में ढँका हुआ है।

और यहाँ भी भीड़ है – लेकिन यहाँ शानदार सूट पहनकर नौकरी पर जाने वाले लोग नहीं हैं। यहाँ तो चोगा ओढ़े जादूगर और जादूगरनियाँ हैं, जिनमें से ज़्यादातर इस उधेड़बुन में हैं कि अपनी प्रिय संतानों से विदा कैसे लें।

एल्बस

लो आ गए।

लिली

वाह!

एल्बस

प्लेटफ़ॉर्म पौने दस।

लिली

वे कहाँ हैं? क्या वे आ गए हैं? शायद वे नहीं आए हैं?

हैरी अँगुली से रॉन, हर्माइनी *और उनकी बेटी* रोज़ *की तरफ़ इशारा करता है।* लिली *तेज़ी से उनकी तरफ़ दौड़ पड़ती है।*

रॉन अंकल। रॉन अंकल!!!

रॉन *उनकी तरफ़ मुड़ता है। जब* लिली *दौड़ती हुई उसके क़रीब पहुँचती है, तो वह उसे बाँहों में उठा लेता है।*

रॉन

तुम पॉटर परिवार में मुझे सबसे पसंद हो।

लिली

क्या आपको मेरी चाल पता चली?

रॉन

क्या तुम्हें वीज़्लीज़ की विज़ार्ड व्हीज़ेस की प्रमाणित नाक–चुराने वाली साँस का पता है?

रोज़

मम्मी! डैडी एक बार फिर वही लचर चीज़ कर रहे हैं।

हर्माइनी

तुम कहती हो लचर, वो कहते हैं लाजवाब, मैं कहती हूँ... बीच में कहीं।

रॉन

ठहरो। मुझे इस... हवा को चबाने दो। और अब यह आसान मामला है... अगर मेरे पास से लहसुन की थोड़ी गंध आए, तो माफ़ करना...

वह लिली के चेहरे पर साँस छोड़ता है। वह खिलखिलाती है।

लिली

आपके मुँह से दलिये की गंध आ रही है।

रॉन

अकड़म–बकड़म! छोटी लड़की, इस बात के लिए तैयार हो जाओ कि अब तुम कोई गंध नहीं सूँघ पाओगी...

वह उसकी नाक को ऊपर उठाता है।

लिली

मेरी नाक कहाँ है?

रॉन

अहा!

उसका हाथ ख़ाली है। यह एक लचर करतब है। हर कोई इसके लचरपन पर ख़ुश होता है।

लिली

आप अनाड़ी हैं।

एल्बस

एक बार फिर हर कोई हमें ही घूरे जा रहा है।

रॉन

मेरी वजह से! मैं बहुत ही मशहूर हूँ। नाक के मेरे प्रयोग बड़े ही लोकप्रिय हैं!

हर्माइनी

निश्चित रूप से उनमें कुछ बात तो है।

हैरी

गाड़ी ठीक से पार्क कर दी?

रॉन

हाँ, कर दी। हर्माइनी को तो यक़ीन नहीं था कि मैं मगलू ड्राइविंग टेस्ट पास कर सकता हूँ, है ना? उसे लग रहा था कि मुझे टेस्ट लेने वाले पर जादू करना पड़ेगा।

हर्माइनी

मैंने ऐसा कुछ नहीं सोचा था, मुझे तुम पर पूरा भरोसा है।

रोज़

और मुझे पूरा भरोसा है कि डैडी ने टेस्ट लेने वाले पर जादू किया था।

रॉन

ओए!

एल्बस

डैडी...

एल्बस हैरी *का चोगा खींचता है।* हैरी *नीचे देखता है।*

क्या आप सोचते हैं – अगर मुझे – अगर मुझे नागशक्ति में रख दिया गया...

हैरी

तो इसमें क्या ग़लत है?

एल्बस

नागशक्ति नाग का दल है, काले जादू का दल... यह बहादुर जादूगरों का दल या हाउस नहीं है।

हैरी

एल्बस सीवियरस, तुम्हारा नाम हॉगवट्र्स के दो हेडमास्टरों के नाम पर रखा गया है। उनमें से एक नागशक्ति में थे और वे संभवतः सबसे बहादुर इंसान थे, जिनसे मैं कभी मिला हूँ।

एल्बस

लेकिन मान लो...

हैरी

अगर यह तुम्हारे लिए महत्वपूर्ण है, तो चुनने वाली टोपी *तुम्हारी* भावनाओं को ध्यान में रखेगी।

एल्बस

सचमुच?

हैरी

उसने मेरे साथ यही किया था।

यह एक ऐसी बात है, जो उसने पहले कभी नहीं कही थी, इसलिए यह उसके दिमाग़ के आस-पास एक पल तक गूँजती है।

हॉगवट्र्स जाकर तुम कुछ बन जाओगे, एल्बस। मेरा तुमसे वादा है, वहाँ डरने वाली कोई बात नहीं है।

जेम्स *(तीखेपन से)*

थेस्ट्राल्स के सिवा। थेस्ट्राल्स से बच कर रहना।

एल्बस

मैं तो सोचता था कि वे अदृश्य होते हैं!

हैरी

अपने प्रोफ़ेसरों की सुनो, जेम्स की *बात मत* सुनो और हाँ, मज़े करना मत भूलना। अब अगर तुम यह नहीं चाहते कि ट्रेन तुम्हें छोड़कर चली जाए, तो तुम्हें इसमें बैठ जाना चाहिए...

लिली

मैं ट्रेन के पीछे-पीछे दौड़ लगाऊँगी।

जिनी

लिली, सीधी तरह से वापस आ जाओ।

हर्माइनी

रोज़। नेविल को हमारा प्यार देना मत भूलना।

रोज़

मम्मी, मैं किसी प्रोफ़ेसर को प्यार कैसे दे सकती हूँ!

रोज़ ट्रेन की तरफ़ चल देती है। इसके बाद एल्बस मुड़कर आख़िरी बार जिनी और हैरी के गले लगता है, फिर रोज़ के पीछे-पीछे चला जाता है।

एल्बस

तो फिर ठीक है। विदा।

वह ट्रेन में चढ़ जाता है। हर्माइनी, जिनी, रॉन और हैरी खड़े-खड़े ट्रेन को देखते रहते हैं – जब प्लेटफ़ॉर्म पर सीटियाँ बजती हैं।

जिनी

वे ठीक-ठाक रहेंगे, है ना?

हर्माइनी

हॉगवट्र्स बहुत बड़ी जगह है।

रॉन

बड़ी। अद्भुत। भोजन से भरपूर। मैं वहाँ दोबारा लौटने के लिए कुछ भी देने को तैयार हूँ।

हैरी

अजीब बात है, अल चिंता कर रहा था कि कहीं उसे नागशक्ति में न रख दिया जाए।

हर्माइनी

यह तो कुछ भी नहीं है! रोज़ को तो यह चिंता खाए जा रही है कि वह क्विडिच स्कोरिंग का रिकॉर्ड पहले साल तोड़ेगी या दूसरे साल। और वह कितनी जल्दी अपने ओ.डब्ल्यू.एल. अर्जित कर सकती है!

रॉन

क्या पता उसमें इतनी महत्वाकांक्षा कहाँ से आई है?

जिनी

और तुम कैसा महसूस करोगे हैरी, अगर अल को – अगर उसे नागशक्ति में चुन लिया गया?

रॉन

जानती हो जिनी, हम हमेशा सोचते थे कि तुम नागशक्ति में चुनी जा सकती हो।

जिनी

क्या?

रॉन

सच्ची, फ्रेड और जॉर्ज ने इस बात पर शर्त भी लगवाई थी।

हर्माइनी

हम चलें? लोग हमें देख रहे हैं।

जिनी

जब तुम तीनों साथ होते हो, तो लोग हमेशा देखते हैं। और जब तुम अलग होते हो, तब भी देखते हैं।

चारों चले जाते हैं। जिनी हैरी को रोकती है।

हैरी... वह ठीक-ठाक तो रहेगा, है ना?

हैरी

क्यों नहीं, बिलकुल ठीक-ठाक रहेगा।

अंक एक दृश्य तीन

हॉगवट्र्स एक्सप्रेस

एल्बस और रोज़ ट्रेन के डिब्बे में चलते हैं। एक दहशत में, तो दूसरा रोमांच में।

विपरीत दिशा से ट्रॉली वाली जादूगरनी *अपनी ट्रॉली धकाती हुई क़रीब आती है।*

ट्रॉली वाली जादूगरनी

प्यारे बच्चो, ट्रॉली में से कुछ चाहिए? कद्दू की कचौड़ी? चॉकलेट मेंढक? कड़ाही केक?

रोज़ *(चॉकलेट मेंढकों पर एल्बस की हसरत भरी निगाह को पकड़ लेती है)*

अल। हमें पूरा ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

एल्बस

किस बात पर पूरा ध्यान केंद्रित करना चाहिए?

रोज़

इस बात पर कि हम किसे अपना दोस्त बनाते हैं। याद है, मेरे मम्मी-डैडी हॉगवट्र्स एक्सप्रेस की अपनी पहली यात्रा में ही तुम्हारे डैडी से मिले थे...

एल्बस

तो हमें इस वक़्त यह चुनना है कि हम ज़िंदगी भर किसके दोस्त रहेंगे? बहुत डरावना ख़्याल है।

रोज़

नहीं, नहीं, देखो यह तो रोमांचक है। मैं ग्रेंजर–वीज़्ली हूँ, तुम पॉटर हो – हर कोई हमसे दोस्ती करना चाहेगा, इसलिए हम जिसे चाहें, उसे चुन सकते हैं।

एल्बस

तो हम यह फ़ैसला कैसे करें – किस कम्पार्टमेंट में जाना है...

रोज़

हम सभी पर नज़र डाल लेते हैं और फिर फ़ैसला करते हैं।

एल्बस एक कम्पार्टमेंट का दरवाज़ा खोलता है – अंदर सुनहरे बालों वाला एक लड़का स्कॉर्पियस अकेला बैठा है – बाक़ी कम्पार्टमेंट ख़ाली है। एल्बस मुस्कुराता है। स्कॉर्पियस भी पलटकर मुस्कुराता है।

एल्बस

हाय! क्या यह कम्पार्टमेंट...

स्कॉर्पियस

यह ख़ाली है। मेरे सिवा कोई नहीं है।

एल्बस

बेहतरीन। तो हम बस – थोड़ी देर के लिए – अंदर आ जाएँ – अगर कोई दिक्क़त न हो?

स्कॉर्पियस

कोई दिक्क़त नहीं है। हाय।

एल्बस

एल्बस। अल। मैं – मेरा नाम एल्बस है...

स्कॉर्पियस

हाय स्कॉर्पियस। मेरा मतलब है, मैं स्कॉर्पियस हूँ। तुम एल्बस हो। मैं स्कॉर्पियस हूँ। और तुम शायद...

रोज़ का चेहरा हर पल ज़्यादा भावहीन होता जा रहा है।

रोज़

रोज़।

स्कॉर्पियस

हाय रोज़। क्या तुम मेरी झाग वाली गोली पसंद करोगी?

रोज़

मैंने अभी–अभी नाश्ता किया है, धन्यवाद।

स्कॉर्पियस

मेरे पास झटका–ओ–मटका, नटखट मिर्च और कुछ जेली घोंघे भी हैं। मम्मी का विचार – वे कहती हैं *(गाते हुए)*, 'टॉफ़ी हमेशा दोस्त बनाने में मदद करती है' *(उसे अहसास होता है कि इसे गाकर उसने ग़लत किया था)*। शायद ग़लत विचार था।

एल्बस

मैं थोड़ी लूँगा... मम्मी मुझे टॉफ़ी नहीं खाने देतीं। तुम किससे शुरुआत करने की सलाह दोगे?

रोज़ स्कॉर्पियस से नज़रें बचाकर एल्बस को टहोका मारती है।

स्कॉर्पियस

आसान है। मैंने हमेशा नटखट मिर्च को टॉफ़ियों की महारानी माना है। ये पिपरमिंट वाली टॉफ़ी है, जिसे खाते ही कान में से धुआँ निकलने लगता है।

एल्बस

शानदार, तो फिर मैं यही – (रोज़ *एक बार फिर उसे टहोका मारती है।)* रोज़, तुम मुझे क्यों मार रही हो?

रोज़

मैं तुम्हें मार नहीं रही हूँ।

एल्बस

तुम मार रही हो और इससे दर्द होता है।

स्कॉर्पियस का चेहरा उतर जाता है।

स्कॉर्पियस

वह तुम्हें मेरी वजह से मार रही है।

एल्बस

क्या?

स्कॉर्पियस

सुनो, मैं जानता हूँ कि तुम कौन हो, इसलिए यह शायद सही रहेगा कि तुम भी जान लो कि मैं कौन हूँ।

एल्बस

इस बात से तुम्हारा क्या मतलब है कि तुम जानते हो कि मैं कौन हूँ?

स्कॉर्पियस

तुम एल्बस पॉटर हो। यह रोज़ ग्रेंजर–वीज़्ली है। और मैं स्कॉर्पियस मैल्फ़ॉय हूँ। मेरे माता–पिता एस्टोरिया और ड्रेको मैल्फ़ॉय थे। हमारे माता–पिता – उनकी आपस में नहीं बनती थी।

रोज़

बात तुमने बड़ी नफ़ासत से कही है। तुम्हारे मम्मी–डैडी प्राणभक्षी हैं!

स्कॉर्पियस *(अपमानित)*

डैडी थे – लेकिन मम्मी नहीं थीं।

रोज़ दूसरी तरफ़ देखने लगती है और स्कॉर्पियस समझ जाता है कि उसने ऐसा क्यों किया।

मैं अफ़वाह के बारे में जानता हूँ, लेकिन यह झूठ है।

एल्बस असहज रोज़ और मायूस स्कॉर्पियस को बारी–बारी से देखता है।

एल्बस

अफ़वाह – क्या है?

स्कॉर्पियस

अफ़वाह यह है कि मेरे माता–पिता संतान पैदा नहीं कर सकते थे। मैल्फ़ॉय वंश का अंत न हो जाए, इस डर से मेरे डैडी और दादाजी शक्तिशाली वारिस पाने के लिए इतने बेताब थे कि उन्होंने... कि उन्होंने मेरी मम्मी को वापस भेजने के लिए टाइम–टर्नर यानी काल–परिवर्तक का इस्तेमाल किया–

एल्बस

कहाँ भेजने के लिए?

रोज़

एल्बस, अफ़वाह यह है कि ये वोल्डेमॉर्ट का बेटा है।

एक भयंकर, असहज ख़ामोशी।

यह शायद बकवास है। मेरा मतलब है... देखो तो सही, तुम्हारे पास एक नाक है।

तनाव थोड़ा तितर–बितर हो जाता है, स्कॉर्पियस हँसता है, करुण रूप से कृतज्ञ।

स्कॉर्पियस

और यह मेरे डैडी जैसी है! मुझे उनकी नाक, उनके बाल और उनका नाम मिला है। वैसे यह कोई बेहतरीन चीज़ नहीं है। मेरा मतलब है – पिता–पुत्र वाले मतभेद तो हैं। लेकिन, कुल मिलाकर मैं शैतानी शहंशाह के बेटे के बजाय मैल्फ़ॉय होना ज़्यादा पसंद करूँगा।

स्कॉर्पियस व एल्बस एक–दूसरे को देखते हैं और उनके बीच किसी तरह के संदेश का आदान–प्रदान होता है।

रोज़

हाँ, अच्छा, हमें शायद कहीं और चलकर बैठना चाहिए। चलो एल्बस।

एल्बस गहराई से सोच रहा है।

एल्बस

नहीं *(रोज़ की निगाह से बचते हुए)*, मैं यहीं ठीक हूँ। तुम जाओ...

रोज़

एल्बस। मैं इंतज़ार नहीं करूँगी।

एल्बस

और मैं तुमसे इंतज़ार की उम्मीद भी नहीं करूँगा। लेकिन मैं यहीं रुक रहा हूँ।

रोज़ एक पल तक उसे देखती है और फिर कम्पार्टमेंट से बाहर चली जाती है।

रोज़

अच्छी बात है!

स्कॉर्पियस और एल्बस रह जाते हैं – एक–दूसरे की तरफ़ देखते हुए – अनिश्चय में।

स्कॉर्पियस

धन्यवाद।

एल्बस

नहीं। नहीं। मैं तुम्हारे लिए नहीं रुका हूँ, मैं तो तुम्हारी टॉफ़ियों के लिए रुका हूँ।

स्कॉर्पियस

वह काफ़ी खूँख़ार है।

एल्बस

हाँ। माफ़ करना।

स्कॉर्पियस

नहीं, मुझे यह पसंद है। तुम्हें एल्बस पसंद है या अल?

स्कॉर्पियस दाँत निकाल कर हँसता है और दो टॉफ़ियाँ अपने मुँह में डालता है।

एल्बस *(सोचता है)*

एल्बस।

स्कॉर्पियस *(जब उसके कानों से धुआँ निकलता है)*

एल्बस, मेरी टॉफ़ियों की ख़ातिर रुकने के लिए धन्यवाद!

एल्बस *(हँसते हुए)*

वाह।

अंक एक दृश्य चार

समय बीतने की याद दिलाने वाला दृश्य

और अब हम समय बदलने के एक कभी नहींजादुई –संसार में दाख़िल होते हैं। और यह दृश्य जादू के बारे में है।

जब हम संसारों के बीच छलाँग लगाते हैं, तो तीव्र परिवर्तन होते हैं, कोई अकेले दृश्य नहीं हैं, बल्कि अंश या टुकड़े हैं, जो समय की निरंतर प्रगति को दिखाते हैं।

शुरुआत में हम हॉगवर्ट्स के भीतर हैं, बड़े हॉल में, और हर कोई एल्बस के चारों ओर नाच रहा है।

पॉली चैपमैन

एल्बस पॉटर।

कार्ल जेंकिन्स

पॉटर। हमारे साथ।

यैन फ़्रेडरिक्स

उसे उनके जैसे बाल मिले हैं। उसके बाल तो बिलकुल उन्हीं जैसे हैं।

रोज़

और वो मेरा कज़िन है। *(जब वे मुड़ते हैं।)* रोज़ ग्रेंजर–वीज़्ली। सभी से मिलकर अच्छा लगा।

चुनने वाली टोपी विद्यार्थियों के बीच घूमती है और वे अपने–अपने दल में चले जाते हैं।

यह जल्द ही दिख जाता है कि टोपी रोज़ के पास आ रही है, जो तनाव में अपने भाग्य का इंतज़ार कर रही है।

चुनने वाली टोपी

मैंने किया है सदियों ये काम
बैठी हूँ मैं हर विद्यार्थी के सिर पर
उसके विचारों को मैंने पढ़ा है
क्योंकि मैं चुनने वाली मशहूर टोपी हूँ।

मैंने लंबों को चुना है, मैंने नाटों को चुना है
मैंने हर अच्छी–बुरी परिस्थिति में यह काम किया है
इसलिए मुझे पहनो और तुम जान जाओगे
कि तुम्हें किस दल में रहना चाहिए...
रोज़ ग्रेंजर–वीज़्ली।

टोपी रोज़ के सिर पर आ जाती है।

गरुड़द्वार!

रोज़ के क़रीब आते वक़्त गरुड़द्वार के विद्यार्थी हर्षध्वनि करते हैं।

रोज़

डम्बलडोर को धन्यवाद।

स्कॉर्पियस चुनने वाली टोपी की गुस्सैल निगाह तले रोज़ की जगह लेने के लिए दौड़ता है।

चुनने वाली टोपी

स्कॉर्पियस मैल्फ़ॉय।

टोपी स्कॉर्पियस के सिर पर रख दी जाती है।

नागशक्ति!

स्कॉर्पियस को यही उम्मीद थी, वह सिर हिलाता है और आधा मुस्कुराता है। उसके पास पहुँचते वक़्त नागशक्ति के विद्यार्थी हर्षध्वनि करते हैं।

पॉली चैपमैन

हाँ, यह बिलकुल सही हुआ।

एल्बस तेज़ी से चलकर मंच के सामने की ओर आता है।

चुनने वाली टोपी

एल्बस पॉटर।

टोपी एल्बस के सिर पर रखी जाती है – और इस बार इसे ज़्यादा समय लगता है – मानो टोपी भी असमंजस में हो।

नागशक्ति!

ख़ामोशी छा जाती है।
पूरी, गहरी ख़ामोशी।
जो गिरती है, थोड़ा कसमसाती है और नुक़सानदेह है।

पॉली चैपमैन

नागशक्ति?

क्रेग बाउकर जूनियर

वाह! पॉटर! नागशक्ति में।

एल्बस अनिश्चित भाव में देखता है। स्कॉर्पियस ख़ुशी से झूम उठता है और मुस्कुराकर उसकी तरफ़ देखकर चिल्लाता है।

स्कॉर्पियस

तुम मेरे पास खड़े हो सकते हो!

एल्बस *(पूरी तरह से व्याकुल)*

ठीक है। हाँ।

यैन फ्रेडरिक्स

मुझे लगता है कि इसके बाल हैरी जैसे इतने भी नहीं हैं।

रोज़

एल्बस? लेकिन यह तो ग़लत है, एल्बस। ऐसा नहीं होना चाहिए था।

और अचानक मैडम हूच के साथ झाड़ू पर उड़ने की कक्षा शुरू हो जाती है।

मैडम हूच

चलो, तुम सब किसका इंतज़ार कर रहे हो? सब अपनी–अपनी झाड़ू के पास खड़े हो जाओ। चलो, जल्दी करो।

सभी बच्चे फटाफट अपनी–अपनी झाड़ू के पास खड़े हो जाते हैं।

अपनी–अपनी झाड़ू के ऊपर अपने हाथ ले जाओ और कहो, 'ऊपर!'

सभी विद्यार्थी

ऊपर!

रोज़ और यैन की झाडुएँ तैरकर उनके हाथों में आ जाती हैं।

रोज़ और यैन

हाँ!

मैडम हूच

चलो जल्दी करो, मेरे पास काम से जी चुराने वालों के लिए कोई वक़्त नहीं है। पूरे दिल से 'ऊपर,' 'ऊपर' कहो।

सभी विद्यार्थी (*रोज़ और यैन को छोड़कर*)

ऊपर!

स्कॉर्पियस समेत सबकी झाडुएँ ऊपर उठ जाती हैं। सिर्फ़ एल्बस अपनी झाडू के साथ फ़र्श पर रह जाता है।

सभी विद्यार्थी (*रोज़, यैन और एल्बस को छोड़कर*)

हाँ!

एल्बस

ऊपर। ऊपर। ऊपर।

मगर उसकी झाडू नहीं हिलती है। एक मिलीमीटर भी नहीं। वह इसे अविश्वास और हताशा से घूरता है। बाक़ी विद्यार्थी ही–ही कर हँसते हैं।

पॉली चैपमैन

हे भगवान, कितना अपमानजनक है! सच्ची, यह तो अपने पिता जैसा बिलकुल नहीं है, है ना?

कार्ल जेंकिन्स

एल्बस पॉटर, नागशक्ति का नाकारा विद्यार्थी।

मैडम हूच

ठीक है। बच्चो। अब उड़ना शुरू करो।

फिर अचानक जाने कहाँ से हैरी एल्बस के पास आ जाता है, जब पूरे मंच पर धुआँ फैल जाता है। हम दोबारा प्लेटफ़ॉर्म पौने दस पर पहुँच जाते हैं और समय आगे बढ़ चुका है। एल्बस अब एक साल ज़्यादा बड़ा हो चुका है (हैरी भी, लेकिन यह उतना साफ़ नज़र नहीं आता)।

एल्बस

डैडी, मैं चाहता हूँ कि आप – क्या आप मुझसे थोड़ी दूर खड़े रहेंगे।

हैरी (*दिलचस्पी से*)

क्या सेकंड–इयर के बच्चों को डैडी के साथ देखा जाना पसंद नहीं होता?

एक अति आतुर जादूगर उनके आस–पास चक्कर लगाता है।

एल्बस

नहीं। बात बस यह है – आप *आप* हो और – और मैं मैं हूँ और –

हैरी

लोग बस देख ही तो रहे हैं, ठीक है? लोग देखते हैं। और वे मुझे देख रहे हैं, तुम्हें नहीं।

अति आतुर जादूगर हैरी के सामने दस्तख़त करने के लिए कुछ बढ़ाता है – हैरी दस्तख़त कर देता है।

एल्बस

हैरी पॉटर और उनके निराशाजनक बेटे को।

हैरी

इसका क्या मतलब है?

एल्बस

हैरी पॉटर और उनके नागशक्ति वाले बेटे को।

जेम्स अपना बैग उठाकर तेज़ी से उनके पास से गुज़रता है।

जेम्स

लहराने वाले नागशक्ति, अपनी फुफकार बंद करो, ट्रेन पर चढ़ने का समय हो चुका है।

हैरी

इसकी ज़रूरत नहीं है, जेम्स।

जेम्स (*जा चुका है*)

क्रिसमस पर मिलते हैं, डैडी।

हैरी चिंता से एल्बस को देखता है।

हैरी

अल–

एल्बस

मेरा नाम अल नहीं, एल्बस है।

हैरी

क्या दूसरे बच्चे चिढ़ा रहे हैं? क्या यह बात है? देखो, अगर तुम कुछ ज़्यादा दोस्त बनाने की कोशिश करो, तो अच्छा रहेगा – हर्माइनी और रॉन के बिना मैं हॉगवर्ट्स में नहीं बच पाता, मैं दुनिया में भी नहीं बच पाता।

एल्बस

लेकिन मुझे रॉन और हर्माइनी की ज़रूरत नहीं है – मेरे पास – मेरे पास एक दोस्त है स्कॉर्पियस। मैं जानता हूँ कि वो आपको पसंद नहीं है, लेकिन मुझे बस उसी की ज़रूरत है।

हैरी

देखो, अगर तुम खुश हो, तो मेरे लिए इतना ही काफ़ी है।

एल्बस

आपको मुझे स्टेशन लाने की ज़रूरत नहीं थी, डैडी।

एल्बस *अपना सूटकेस उठाता है और तेज़ी से दूर जाता है।*

हैरी

लेकिन मैं यहाँ आना *चाहता था...*

मगर तब तक एल्बस *जा चुका है।* ड्रेको मैल्फ़ॉय *भीड़ में से निकलकर* हैरी *के पास आता है। उसका चोगा आदर्श है और उसकी सुनहरी पोनीटेल सही जगह पर है।*

ड्रेको

मुझे एक अहसान चाहिए।

हैरी

ड्रेको।

ड्रेको

ये अफ़वाहें – कि मेरे बेटे का असली पिता कौन है – ये ख़त्म होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। हॉगवर्ट्स के विद्यार्थी स्कॉर्पियस

को बेरहमी से चिढ़ाते हैं – अगर मंत्रालय एक बयान जारी करके यह ऐलान कर दे कि रहस्य विभाग वाली लड़ाई में सारे काल–परिवर्तक नष्ट हो गए थे...

हैरी

ड्रेको, ये अफ़वाहें अपने आप ख़त्म हो जाएँगी – लोग दूसरी बातें करने लगेंगे।

ड्रेको

मेरा बेटा परेशान है और – एस्टोरिया की तबियत भी कुछ समय से ठीक नहीं है – इसलिए स्कॉर्पियस को वह पूरा समर्थन मिलना चाहिए, जो हम उसे दे सकते हैं।

हैरी

अगर तुम अफ़वाह का जवाब दोगे, तो उसे और बढ़ावा मिलेगा। वोल्डेमॉर्ट की एक संतान है, यह अफ़वाह तो बरसों से उड़ रही है। स्कॉर्पियस पहला शख़्स नहीं है, जिसके बारे में अफ़वाह फैली है। तुम्हारी और हमारी दोनों की ख़ातिर मंत्रालय को इससे दूर रहना चाहिए।

ड्रेको *की त्योरी चढ़ जाती है और वह खिन्न नज़र आता है, जब मंच साफ़ होता है और* रोज़ *तथा* एल्बस *अपने–अपने सूटकेस के साथ तैयार खड़े दिखते हैं।*

एल्बस

ट्रेन चलते ही तुम मुझसे बात मत करना।

रोज़

मैं जानती हूँ। हमें बस परिवार वालों के सामने नाटक करना है।

स्कॉर्पियस *दौड़ता है – बड़ी उम्मीद और उससे भी बड़े सूटकेस के साथ।*

स्कॉर्पियस *(आशा भरे स्वर में)*

हाय रोज़।

रोज़ *(निर्णयात्मक)*

विदा एल्बस।

स्कॉर्पियस *(अब भी उम्मीद भरे स्वर में)*

वह नरम हो रही है।

और अचानक हम बड़े हॉल में पहुँच चुके हैं। प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल सामने खड़ी हैं और उनके चेहरे पर चौड़ी सी मुस्कान खिली है।

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल

और मुझे गरुड़द्वार की क्विडिच टीम की सबसे नई सदस्य का ऐलान करते हुए खुशी हो रही है – हमारी – *(उन्हें अहसास होता है कि वे पक्षपाती नहीं दिख सकतीं)* – तुम्हारी बेहतरीन नई धावक – रोज़ ग्रेंजर–वीज़्ली।

हॉल हर्षध्वनि से गूँज उठता है। बाक़ी सबके साथ स्कॉर्पियस भी ताली बजाता है।

एल्बस

उसके लिए तुम क्यों ताली बजा रहे हो? हम क्विडिच से नफ़रत करते हैं और वह दूसरे हाउस के लिए खेल रही है।

स्कॉर्पियस

वह तुम्हारी कज़िन है, एल्बस।

एल्बस

क्या तुम सोचते हो कि वह मेरे लिए भी ताली बजाएगी?

स्कॉर्पियस

मैं तो सोचता हूँ कि वह कमाल की है।

विद्यार्थी एक बार फिर एल्बस को घेरे हैं, जब अचानक जादुई काढ़ों की कक्षा शुरू हो जाती है।

पॉली चैपमैन

एल्बस पॉटर। बकवास। जब वह सीढ़ियाँ चढ़ता है, तो तस्वीरें तक मुँह फेर लेती हैं।

एल्बस एक काढ़े पर झुका हुआ है।

एल्बस

और हम क्या मिलाएँ – द्विशृँगी का सींग?

कार्ल जेंकिन्स

मैं तो कहता हूँ कि उसे और वोल्डेमॉर्ट के बेटे को अकेला छोड़ दो।

एल्बस

सैलेमेंडर छिपकली का थोड़ा सा ख़ून...

काढ़े में ज़ोरदार विस्फोट होता है।

स्कॉर्पियस

ठीक है। यह किस चीज़ से ठीक हो सकता है? हमें क्या बदलना चाहिए?

एल्बस

सब कुछ।

समय आगे बढ़ जाता है – एल्बस की आँखें ज़्यादा स्याह होती जाती हैं, उसका चेहरा ज़्यादा पीला होता जाता है। वह अब भी आकर्षक है, लेकिन वह इसे स्वीकार न करने की कोशिश कर रहा है।

और अचानक वह एक बार फिर अपने डैडी के साथ प्लेटफ़ॉर्म पौने दस पर है – जो अपने बेटे (और ख़ुद) को यह बताने की कोशिश कर रहे हैं कि सब कुछ ठीक है। दोनों की उम्र एक साल बढ़ गई है।

हैरी

तीसरा साल। बड़ा साल। यह रहा तुम्हारा हॉग्समीड की अनुमति वाला फ़ॉर्म।

एल्बस

मुझे हॉग्समीड से नफ़रत है।

हैरी

तुम किसी ऐसी जगह से कैसे नफ़रत कर सकते हो, जहाँ तुम कभी गए ही नहीं?

एल्बस

क्योंकि मैं जानता हूँ कि वहाँ हॉगवर्ट्स के विद्यार्थियों की भीड़ होगी।

एल्बस उस फ़ॉर्म वाले कागज़ की पुड़िया बनाता है।

हैरी

बस एक बार करके तो देखो – चलो – यह हनीड्यूक्स में मज़े करने का सुनहरा मौक़ा है और तुम्हारी मम्मी को पता भी नहीं चलेगा – नहीं एल्बस, ऐसी जुर्रत मत करना।

एल्बस *(अपनी छड़ी दिखाते हुए)*

प्रज्वलन!

काग़ज़ का गोला जलने लगता है और मंच के पार चला जाता है।

हैरी

कितना मूर्खतापूर्ण काम किया!

एल्बस

दरअसल मुझे उम्मीद नहीं थी कि यह मंत्र काम करेगा। मैं इस मंत्र में बहुत बुरा हूँ।

हैरी

अल – एल्बस, मैं उल्लू भेजकर प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल से पत्र–व्यवहार कर रहा हूँ – वे कहती हैं कि तुम खुद को अलग–थलग रखते हो – तुम कक्षा में सहयोग नहीं करते – तुम चिड़चिड़े हो – तुम –

एल्बस

तो आप चाहते क्या हैं कि मैं क्या करूँ? जादू से खुद को लोकप्रिय बना लूँ? जादू से खुद को नए हाउस में पहुँचा दूँ? रूपांतरण करके बेहतर विद्यार्थी में बदल जाऊँ? डैडी, बस एक मंत्र पढ़ दो और मुझे वैसा बना दो, जैसा आप मुझे देखना चाहते हो, ठीक है? यह हम दोनों के लिए बेहतर रहेगा। अब चलना है। ट्रेन पकड़ना है। दोस्त को ढूँढ़ना है।

एल्बस दौड़कर स्कॉर्पियस के पास जाता है, जो अपने सूटकेस पर बैठा है – संसार के प्रति स्तब्ध।

(आनंदित) स्कॉर्पियस...

(चिंतित) स्कॉर्पियस... तुम ठीक तो हो?

स्कॉर्पियस *कुछ नहीं कहता।* एल्बस *अपने दोस्त की आँखों को पढ़ने की कोशिश करता है।*

तुम्हारी मम्मी? क्या हालत पहले से ज़्यादा ख़राब है?

स्कॉर्पियस

सबसे बुरी हालत, जो हो सकती है।

एल्बस स्कॉर्पियस के बग़ल में बैठ जाता है।

एल्बस

मुझे लगा था कि तुम उल्लू भेजोगे...

स्कॉर्पियस

मैं यह नहीं सोच पाया कि क्या कहूँ।

एल्बस

और अब मैं नहीं सोच पा रहा हूँ कि क्या कहूँ...

स्कॉर्पियस

कुछ मत कहो।

एल्बस

क्या कोई चीज़ है...?

स्कॉर्पियस

अंत्येष्टि में आना।

एल्बस

ज़ाहिर है।

स्कॉर्पियस

और मेरे अच्छे दोस्त बनना।

और अचानक चुनने वाली टोपी *मंच के बीच में आती है और हम बड़े हॉल में लौट आते हैं।*

चुनने वाली टोपी

क्या तुम्हें डर है कि तुम क्या सुनोगे?
डर है कि मैं वह नाम लूँगी, जिसका तुम्हें डर है?
नागशक्ति नहीं! गरुड़द्वार नहीं!
मेहनतकश नहीं! चीलघात नहीं!
चिंता मत करो, बच्ची, मैं अपना काम जानती हूँ,
अगर पहले तुम्हारे आँसू दिखेंगे, तो बाद में हँसी दिखेगी।
लिली पॉटर। **गरुड़द्वार!**

लिली

हाँ!

एल्बस

बेहतरीन।

स्कॉर्पियस

क्या तुम सचमुच सोचते थे कि वह हमारे दल में आएगी? पॉटर परिवार के लोग नागशक्ति में नहीं आते हैं।

एल्बस

मैं तो आया हूँ।

जब वह पृष्ठभूमि में घुलने की कोशिश करता है, तो दूसरे विद्यार्थी हँसने लगते हैं। वह उन सभी की तरफ़ ऊपर देखता है।

मैंने नहीं चुना था, तुम जानते तो हो। मैंने नहीं चुना था कि मैं उनका बेटा बनूँ।

अंक एक दृश्य पाँच

जादू मंत्रालय, हैरी का ऑफ़िस

हर्माइनी हैरी के अस्त-व्यस्त ऑफ़िस में काग़ज़ों के ढेर के सामने बैठी है। वह काग़ज़ों को धीरे-धीरे छाँट रही है, पढ़ रही है और समझने की कोशिश कर रही है। हैरी तेज़ी से अंदर आता है। उसके गाल पर एक खरोंच से ख़ून बह रहा है। हर्माइनी पैने अंदाज़ में देखती है।

हर्माइनी

कैसा रहा?

हैरी *(मुस्कुराता है)*

ख़बर सच थी।

हर्माइनी

थियोडोर नॉट?

हैरी

हिरासत में है।

हर्माइनी

और काल-परिवर्तक?

हैरी काल-परिवर्तक दिखाता है। यह आकर्षक ढंग से चमक रहा है। हर्माइनी इसे देखकर दंग रह जाती है।

क्या यह असली है? क्या यह काम करता है? यह सिर्फ़ एक घंटे पीछे ले जाने वाला काल-परिवर्तक तो नहीं है – यह और पीछे तक जाता है?

हैरी

अभी हमें कुछ नहीं पता। मैं तो इसे वहीं तुरंत आज़माकर देखना चाहता था, लेकिन फिर मैंने ज़्यादा समझदार लोगों की सलाह मान ली।

हर्माइनी

तो अब यह हमारे पास है।

हैरी

और तुम्हें यक़ीन है कि तुम इसे सुरक्षित रखना चाहती हो?

हर्माइनी

मुझे नहीं लगता कि हमारे पास कोई दूसरा विकल्प है। इसे देखो। मेरे पास जो काल–परिवर्तक था, यह उससे बिलकुल अलग है।

हैरी *(शुष्कता से)*

ऐसा लगता है कि हमारे बचपन से अब तक जादूगरी ने काफ़ी तरक्की कर ली है।

हर्माइनी

ओह! तुम्हारी चोट से ख़ून बह रहा है।

हैरी आईने में चेहरा देखता है। वह अपने चोगे से घाव को थपथपाता है।

चिंता की कोई बात नहीं है, यह निशान के साथ सही रहेगा।

हैरी *(मुस्कुराते हुए)*

तुम मेरे ऑफ़िस में क्या कर रही हो, हर्माइनी?

हर्माइनी

मैं थियोडोर नॉट वाली ख़बर से चिंतित थी – सोचा, लगे हाथ चलकर यह भी देख लूँ कि क्या तुमने क़ागज़ी काम निबटाने का वादा पूरा कर लिया है।

हैरी

आह। पता चल ही गया होगा कि मैं ऐसा नहीं कर पाया।

हर्माइनी

नहीं। तुम नहीं कर पाए। हैरी, तुम इतनी अव्यवस्था में कोई काम कैसे कर सकते हो?

हैरी अपनी छड़ी लहराता है और तमाम क़ागज़ तथा पुस्तकें साफ़–सुथरी थप्पी में बदल जाती हैं। हैरी मुस्कुराता है।

हैरी

अब तो अस्त–व्यस्त नहीं है।

हर्माइनी

लेकिन अब भी नज़रअंदाज़ तो किया है। तुम जानते हो, यहाँ कोई दिलचस्प चीज़ हो सकती है... पहाड़ी दैत्य ग्रैपहॉर्न पर सवार होकर हंगरी के पार जा रहे हैं, पीठ पर पंख के टैटू वाले दानव यूनानी समुद्रों से जा रहे हैं और नरभेड़िये पूरी तरह भूमिगत हो गए हैं–

हैरी

बेहतरीन, तो हम वहीं चलते हैं। मैं टीम इकट्ठी कर लूँगा।

हर्माइनी

हैरी, मैं समझती हूँ। क़ागज़ी काम नीरस होता है...

हैरी

तुम्हारे लिए नहीं।

हर्माइनी

मुझे अपने ही क़ागज़ी काम से फ़ुरसत नहीं है। ये वे इंसान और जानवर हैं, जो जादूगरों के बड़े युद्धों में वोल्डेमॉर्ट की तरफ़ से लड़े थे। ये अँधेरे के साथी हैं। इन घटनाओं का संबंध उस काल–परिवर्तक से हो सकता है, जो हमने थियोडोर नॉट से ज़ब्त किया है। लेकिन अगर जादुई क़ानून अनुपालन प्रमुख अपनी फ़ाइलों को नहीं पढ़ रहा है –

हैरी

लेकिन मुझे इन्हें पढ़ने की ज़रूरत ही क्या है – मैं सबसे मिलता–जुलता रहता हूँ, महत्वपूर्ण बातें सुनता रहता हूँ। मैंने ही तो थियोडोर नॉट के काल–परिवर्तक के बारे में अफ़वाहें सुनी थीं और मैंने ही तो उन पर कार्यवाही की थी। दरअसल तुम्हें मुझे फटकारना नहीं चाहिए।

हर्माइनी हैरी की तरफ़ देखती है – यह पेचीदा है।

हर्माइनी

टॉफ़ी पसंद करोगे? रॉन को मत बताना।

हैरी

तुम विषय बदल रही हो।

हर्माइनी

हाँ, मैं सचमुच बदल रही हूँ। टॉफ़ी?

हैरी

नहीं ले सकता। इस समय शकर छोड़ी हुई है।

अंतराल।

जानती हो, तुम्हें इस चीज़ की लत लग सकती है?

हर्माइनी

मैं क्या कह सकती हूँ? मेरे मम्मी–डैडी दंत चिकित्सक थे। यह तय था कि मैं किसी न किसी समय तो बग़ावत करूँगी। चालीस साल की उम्र में बग़ावत थोड़ी देर से हुई है, लेकिन...*(वह अपने मित्र की ओर देखकर मुस्कुराती है)* देखो, तुमने अभी–अभी एक शानदार काम किया है। मैं तुम्हें कतई फटकार नहीं रही हूँ – मैं तो बस यह चाहती हूँ कि तुम कभी–कभार अपने क़ागज़ी कामकाज को देख लिया करो, बस इतना ही। इसे जादू मंत्री का हल्का सा – टहोका *(हैरी त्योरी चढ़ाता है)* – समझो।

हैरी उसके आख़िरी वाक्य के छिपे अर्थ को सुनता है; वह सिर हिलाता है।

जिनी कैसी है? एल्बस कैसा है?

हैरी

लगता है, मैं पिता की भूमिका में भी उतना ही अच्छा हूँ, जितना कि क़ागज़ी कामकाज में। रोज़ कैसी है? ह्यूगो कैसा है?

हर्माइनी *(मुस्कान के साथ)*

जानते हो, रॉन कहता है कि उसे लगता है मैं उससे ज़्यादा समय अपनी सेक्रेटरी ईथेल *(वह दूर इशारा करती है)* के साथ रहती हूँ। क्या तुम सोचते हो कि किसी मोड़ पर हमने विकल्प चुन लिया था – साल के बेहतरीन अभिभावक बनें या – मंत्रालय

के बेहतरीन अधिकारी बनें? अब जाओ। अपने परिवार के पास घर जाओ हैरी। हॉगवर्ट्स एक्सप्रेस एक और साल के लिए जाने वाली है – जितना समय तुम्हारे पास बचा है, उसका आनंद लो – और फिर तरोताज़ा होकर यहाँ लौटो और इन फ़ाइलों को पढ़ो।

हैरी

तुम सचमुच सोचती हो कि इनमें कोई महत्वपूर्ण जानकारी हो सकती है?

हर्माइनी *(मुस्कान के साथ)*

हो सकती है। लेकिन अगर होती है, तो हम उससे जूझने का रास्ता खोज लेंगे, हैरी। हमने हमेशा खोजा है।

वह एक बार फिर मुस्कुराती है – अपने मुँह में एक टॉफ़ी डालती है और ऑफ़िस से चली जाती है। हैरी अकेला रह जाता है। वह अपना बैग पैक करता है। वह ऑफ़िस से बाहर निकलकर एक गलियारे में पहुँचता है। उसके कंधों पर संसार का बोझ है।

वह थका हुआ एक टेलीफ़ोन बॉक्स के अंदर जाता है। वह 62442 डायल करता है।

टेलीफ़ोन बॉक्स

विदा, हैरी पॉटर।

वह जादू मंत्रालय से दूर ऊपर की तरफ़ चढ़ता है।

अंक एक दृश्य छह

हैरी और जिनी पॉटर का घर

एल्बस सो नहीं पाता है। वह सीढ़ियों के ऊपर बैठा है। वह नीचे से आती आवाज़ें सुनता है। हैरी के दिखने से पहले ही हमें उसकी आवाज़ सुनाई दे जाती है। व्हीलचेयर में बैठा एक बुजुर्ग – एमॉस डिगोरी – उसके साथ है।

हैरी

एमॉस, मैं अच्छी तरह समझता हूँ – लेकिन मैं अभी–अभी घर लौटा हूँ और –

एमॉस

मैंने मंत्रालय में अपॉइंटमेंट लेने की कोशिश की थी। वे कहते हैं, 'आह, मि. डिगोरी, हम आपको अपॉइंटमेंट दे सकते हैं, देखिए, दो महीने बाद।' मैं इंतज़ार करता हूँ। बड़े धीरज के साथ।

हैरी

– और आधी रात को मेरे घर आ जाते हैं – जब मेरे बच्चे अपने नए साल के लिए स्कूल जाने की तैयारी कर रहे हैं – यह ठीक नहीं है।

एमॉस

दो महीने बीत जाते हैं। फिर मुझे एक उल्लू मिलता है, 'मि. डिगोरी, हमें बहुत अफ़सोस है, लेकिन मि. पॉटर किसी बहुत ज़रूरी काम से बाहर चले गए हैं। हम स्थिति को थोड़ा बदलने जा रहे हैं। देखिए, क्या दो महीने बाद का अपॉइंटमेंट चलेगा?' और यह सिलसिला बार–बार दोहराया जाता है, बार–बार.... तुम मुझसे मिलने से कतरा रहे हो।

हैरी

ज़ाहिर है, मैं ऐसा कुछ नहीं कर रहा हूँ। बात बस यह है कि जादुई क़ानून अनुपालन विभाग के मुखिया के नाते ज़िम्मेदारी –

एमॉस

बहुत सी चीज़ें हैं, जिनके लिए तुम ज़िम्मेदार हो।

हैरी

मैं समझा नहीं?

एमॉस

मेरा बेटा सेडरिक! सेडरिक याद है, या भूल गए?

हैरी *(सेडरिक की याद से उसे चोट पहुँचती है)*

हाँ, मुझे आपका बेटा याद है। उसकी क्षति –

एमॉस

वोल्डेमॉर्ट *तुम्हें* मारना चाहता था! मेरे बेटे को नहीं! तुमने खुद मुझे उसकी कही बात बताई थी, 'दूसरे को मार डालो।' दूसरा। मेरा बेटा, मेरा सुंदर बेटा, दूसरा था।

हैरी

मि. डिगोरी, जैसा आप जानते हैं, सेडरिक का स्मारक बनाने की आपकी कोशिशों से मुझे सहानुभूति है, लेकिन –

एमॉस

स्मारक! मेरी स्मारक बनवाने में कोई रुचि नहीं है – अब नहीं है। मैं बूढ़ा हो चुका हूँ – बूढ़ा, मरता हुआ आदमी – और मैं यहाँ तुमसे – भीख माँगने आया हूँ कि तुम उसे दोबारा ज़िंदा करने में मेरी मदद करो।

हैरी हैरानी से ऊपर देखता है।

हैरी

ज़िंदा करने में? एमॉस, यह संभव नहीं है।

एमॉस

मंत्रालय के पास एक काल–परिवर्तक है, है ना?

हैरी

सभी काल–परिवर्तक नष्ट हो गए थे।

एमॉस

मैं यहाँ आधी रात को हड़बड़ी में इसलिए आया हूँ, क्योंकि मैंने अभी–अभी एक अफ़वाह सुनी है – एक विश्वसनीय अफ़वाह – कि मंत्रालय ने थियोडोर नॉट के पास से एक ग़ैर–क़ानूनी काल–परिवर्तक ज़ब्त किया है और इसे अपने पास सुरक्षित रख लिया है। जाँच के लिए। मुझे उस काल–परिवर्तक का इस्तेमाल करने दो। मुझे अपने बेटे को दोबारा ज़िंदा करने दो।

एक लंबा, गहरा मौन छा जाता है। हैरी को यह बेहद मुश्किल लगता है। हम देखते हैं, एल्बस सुनते हुए ज़्यादा क़रीब आ रहा है।

हैरी

एमॉस, समय के साथ छेड़छाड़? आप जानते हैं कि हम यह नहीं कर सकते।

एमॉस

बच्चा–जो–ज़िंदा–बच–गया की ख़ातिर कितने सारे लोग मरे हैं? मैं तो बस यह कह रहा हूँ कि तुम उनमें से एक को बचा लो।

इससे हैरी को चोट पहुँचती है। वह सोचता है। उसका चेहरा सख़्त हो जाता है।

हैरी

आपने जो भी सुना है – थियोडोर नॉट वाली कहानी मनगढ़ंत है, एमॉस। मुझे अफ़सोस है।

डेल्फ़ी

हलो।

एल्बस एक मील ऊपर उछलता है, जब डेल्फ़ी – लगभग बीस साल की दृढ़ और विचित्र दिखने वाली युवती – नज़र आती है, जो सीढ़ियों के पार उसे देख रही है।

ओह, सॉरी। चौंकाना नहीं चाहती थी। मैं ख़ुद सीढ़ियों पर छुपकर दूसरों की बातें सुनना पसंद करती थी। वहाँ बैठकर। इंतज़ार करती थी कि कोई दिलचस्प बात सुनाई दे जाए।

एल्बस

तुम कौन हो? क्योंकि यह एक तरह से मेरा घर है और...

डेल्फ़ी

देखो, मैं एक चोर हूँ। मैं तुम्हारा सब कुछ चुराने वाली हूँ। मुझे अपना सोना, अपनी छड़ी और चॉकलेट मेंढक दे दो! *(वह ख़ूँख़ार दिखती है, लेकिन फिर मुस्कुरा देती है।)* या तो चोर हूँ या फिर मैं डेल्फ़िनी डिगोरी हूँ। *(वह सीढ़ियाँ चढ़ती है और हाथ बढ़ाती है।)* डेल्फ़ी। मैं उनकी – एमॉस – देखभाल करती हूँ। देखो, मैं कोशिश करती हूँ। *(वह एमॉस की तरफ़ इशारा करती है।)* और तुम कौन हो?

एल्बस *(उदास हँसी)*

एल्बस।

डेल्फ़ी

ज़ाहिर है! एल्बस पॉटर! तो हैरी तुम्हारे डैडी हैं? बहुत शानदार बात है, है ना?

एल्बस

दरअसल नहीं।

डेल्फ़ी

आह। क्या मैंने फिर से फटे में टाँग अड़ा दी? लोग स्कूल में मेरे बारे में यही कहते थे। डेल्फ़िनी डिगोरी – कोई ऐसा गड्ढा नहीं है, जिसे वह ख़ुद खोदकर उसमें नहीं समा सकती।

एल्बस

वे मेरे नाम को भी बहुत तोड़ते–मरोड़ते हैं।

अंतराल। वह उसे ग़ौर से देखती है।

एमॉस

डेल्फ़ी।

वह जाने को होती है और फिर झिझकती है। वह एल्बस की तरफ़ देखकर मुस्कुराती है।

डेल्फ़ी

हम अपने रिश्तेदारों को नहीं चुन सकते हैं। एमॉस सिर्फ़ मेरे मरीज़ ही नहीं, अंकल भी हैं। अपर फ़्लैजली में मेरे नौकरी करने

का एक कारण यह भी है। लेकिन इससे यह मुश्किल बन जाता है। अतीत में अटके लोगों के साथ रहना मुश्किल होता है, है ना?

एमॉस

डेल्फ़ी!

एल्बस

अपर फ़्लैजली?

डेल्फ़ी

सेंट ओसवाल्ड्स होम फ़ॉर ओल्ड विचेस एंड विज़ाड्र्स। कभी मिलने आना। अगर तुम चाहो।

एमॉस

डेल्फ़ी!

वह मुस्कुराती है और फिर सीढ़ियाँ उतर जाती है। वह उस कमरे में दाख़िल होती है, जिसमें एमॉस और हैरी हैं। एल्बस उसे देखता है।

डेल्फ़ी

हाँ, अंकल?

एमॉस

कभी महान रहे हैरी पॉटर से मिलो, जो अब मंत्रालय के पत्थरदिल अधिकारी बन चुके हैं। मैं आपको शांति में छोड़ता हूँ सर। अगर आप शांति में रह सकें। डेल्फ़ी, मेरी कुर्सी...

डेल्फ़ी

जी, अंकल।

वह एमॉस को कमरे से बाहर धकाकर ले जाती है। हैरी अकेला रह जाता है और एकाकी दिखता है। एल्बस सोचते हुए सावधानी से देखता है।

अंक एक दृश्य सात

हैरी और जिनी पॉटर का घर, एल्बस का कमरा

एल्बस पलंग पर बैठा है, जबकि लोग उसके दरवाज़े के बाहर आ–जा रहे हैं। बाहर की सतत गतिविधि के विपरीत अंदर शांति है। हमें जेम्स के गरजने की आवाज़ सुनाई देती है। (दूर से)।

जिनी

जेम्स, मेहरबानी करके अपने बालों पर ध्यान देना छोड़ो और इस बिखरे कमरे को ठीक करो...

जेम्स

बालों पर ध्यान कैसे न दूँ? ये गुलाबी हो गए हैं! अब मुझे अपने अदृश्य चोगे का इस्तेमाल करना पड़ेगा!

जेम्स दरवाज़े पर प्रकट होता है, उसके बाल गुलाबी हैं।

जिनी

तुम्हारे डैडी ने वह चोगा तुम्हें इसलिए नहीं दिया था!

लिली

किसी ने मेरी जादुई काढ़ों की पुस्तक देखी है?

जिनी

लिली पॉटर, यह मत सोचना कि तुम कल यह पहनकर स्कूल जाओगी...

लिली एल्बस के दरवाज़े पर प्रकट होती है। उसने परी पंख पहन रखे हैं, जो फड़फड़ा रहे हैं।

लिली

मैं उनसे प्रेम करती हूँ। वे फड़फड़ाते हैं।

वह बाहर जाती है, जब हैरी एल्बस के दरवाज़े पर प्रकट होता है। वह अंदर झाँकता है।

हैरी

हाय।

उनके बीच एक अजीब सा मौन रहता है। जिनी चौखट पर नज़र आती है। वह अंदर देखती है कि क्या हो रहा है और एक पल रुकती है।

बस हॉगवर्ट्स जाने से पहले तोहफ़े देने आया था – तोहफ़े – रॉन ने यह भेजा है...

एल्बस

ठीक है, प्रेम काढ़ा। ठीक है।

हैरी

मैं सोचता हूँ कि यह मज़ाक होगा – क्या पता। लिली को पादने वाले बौने मिले हैं, जेम्स को एक कंघी मिली है, जिसने उसके बाल गुलाबी कर दिए हैं। रॉन के तोहफ़े – देखो, तुम तो जानते ही हो, रॉन रॉन है?

हैरी एल्बस का प्रेम काढ़ा उसके पलंग पर रख देता है।

मैं भी – यह मेरी तरफ़ से है...

वह एक छोटा कंबल बढ़ाता है। जिनी इसकी तरफ़ देखती है – वह देखती है कि हैरी कोशिश कर रहा है और फिर धीमे से दूर चली जाती है।

एल्बस

पुराना कंबल?

हैरी

मैंने बहुत सोचा कि इस साल तुम्हें क्या दूँ। जेम्स– देखो, जेम्स के पास शुरू से ही अदृश्य चोगा है, और लिली – मैं जानता था कि उसे पंख पसंद आएँगे – लेकिन तुम। एल्बस, अब तुम चौदह साल के हो चुके हो और मैं चाहता था कि तुम्हें कोई ऐसी चीज़

दूँ – जिसका कुछ मतलब हो। यह – यह वह आख़िरी चीज़ है, जो मुझे मेरी मम्मी से मिली थी। इकलौती चीज़। मुझे इसमें लपेटकर डर्स्ली परिवार के पास भेजा गया था। मैंने सोचा था कि यह हमेशा के लिए खो गया था – लेकिन जब तुम्हारी पेटूनिया दादी की मृत्यु हुई, तो आश्चर्यजनक रूप से उनके सामान में डडली को यह छिपा मिल गया – और उसने भलमनसाहत से इसे मुझे भेज दिया और तभी से – देखो, जब भी मुझे क़िस्मत के सहारे की ज़रूरत होती है, मैं इसे छू लेता हूँ और इसे पकड़ने की कोशिश करता हूँ और मैं सोच रहा था कि क्या तुम...

एल्बस

मैं भी इसे छूना चाहूँगा? ठीक है। सही है। उम्मीद है कि इससे मेरी क़िस्मत अच्छी हो जाएगी। मुझे निश्चित रूप से इसकी ज़रूरत है।

वह कंबल को छूता है।

लेकिन इसे आप ही रखें।

हैरी

मैं सोचता हूँ – मुझे यक़ीन है – पेटूनिया मौसी चाहती थीं कि यह मेरे पास रहे, इसीलिए उन्होंने इसे अपने पास रखा और अब मैं चाहता हूँ कि इसे तुम अपने पास रखो। मैं अपनी माँ के बारे में ज़्यादा नहीं जानता हूँ – लेकिन मेरे ख़्याल से वे भी यही चाहतीं कि यह तुम्हारे पास रहे। और शायद मैं हैलोवीन की शाम को तुम्हारे – और इसके पास आ सकता हूँ। जिस रात उनकी मृत्यु हुई थी, मैं इसके पास रहना चाहता हूँ – और यह हम दोनों के लिए अच्छा हो सकता है...

एल्बस

सुनिए, अभी मुझे बहुत सी पैकिंग करना है। और बेशक आपके सिर पर भी मंत्रालय के बहुत से कामों का बोझ लदा होगा। इसलिए...

हैरी

एल्बस, मैं चाहता हूँ कि तुम यह कंबल अपने पास रखो।

एल्बस

और इसका क्या करूँ? परी पंख समझ में आते हैं, डैडी! अदृश्य चोगे भी समझ में आते हैं – लेकिन यह – वाक़ई?

हैरी थोड़ा निराश है। वह अपने बेटे को देखता है, उसके क़रीब पहुँचने के लिए बेताब है।

हैरी

तुम्हें पैकिंग करने में मदद चाहिए? मुझे हमेशा पैकिंग में मज़ा आता था। इसका मतलब था कि मैं प्रिविट ड्राइव से बाहर जा रहा हूँ और हॉगवर्ट्स लौट रहा हूँ। देखो... मैं जानता हूँ कि हॉगवर्ट्स तुम्हें पसंद नहीं है, लेकिन...

एल्बस

मैं जानता हूँ, वह आपके लिए संसार की सबसे अच्छी जगह है। बेचारा अनाथ लड़का, जिसे उसके डर्स्ली अंकल–आंटी सता रहे थे –

हैरी

एल्बस, प्लीज़ – क्या हम –

एल्बस

– जिसे उसका कज़िन डडली संताप दे रहा था और हॉगवर्ट्स ने उसे बचा लिया। डैडी, मैं यह सब जानता हूँ। वही पुरानी बकवास।

हैरी

मैं तुम्हारे जाल में नहीं फँसूँगा, एल्बस पॉटर।

एल्बस

बेचारा अनाथ लड़का, जिसने आगे चलकर हम सबको बचाया – मैं यह बात – पूरी जादूगर क़ौम की तरफ़ से कह सकता हूँ। हम आपकी बहादुरी के लिए बेहद कृतज्ञ हैं। अब मैं दंडवत प्रणाम करूँ या फिर सलाम से काम चल जाएगा?

हैरी

एल्बस, प्लीज़ – जानते हो, मुझे कभी कृतज्ञता नहीं चाहिए थी।

एल्बस

लेकिन हाल–फ़िलहाल तो मैं इसमें डूबा जा रहा हूँ – यह इस पुराने कंबल का तोहफ़ा होगा, जिसकी वजह से ऐसा हुआ होगा...

हैरी

पुराना कंबल?

एल्बस

आपने क्या सोचा था, क्या होगा? मैं आपके गले लग जाऊँगा। मैं आपसे कहूँगा कि मैं आपसे बहुत प्यार करता हूँ। क्या? क्या?

हैरी *(आख़िरकार आवेश में आते हुए)*

तुम जानते हो? मैं तुम्हारे दुखड़े की ज़िम्मेदारी उठाते–उठाते तंग आ चुका हूँ। कम से कम तुम्हारे पास डैडी तो हैं। क्योंकि मेरे पास नहीं थे, ठीक है?

एल्बस

और आप सोचते हैं कि यह बदक़िस्मती थी? मैं ऐसा नहीं सोचता।

हैरी

तो तुम मेरी मौत चाहते हो?

एल्बस

नहीं! मैं बस यह चाहता हूँ कि काश आप मेरे डैडी नहीं होते।

हैरी *(जैसे किसी साँड को लाल झंडा दिख गया हो)*

देखो, कई बार तो मेरे भी दिमाग़ में आता है कि काश तुम मेरे बेटे नहीं होते।

ख़ामोशी छा जाती है। एल्बस सिर हिलाता है। अंतराल। हैरी को अहसास होता है कि वह क्या कह गया है।

नहीं, मेरा यह मतलब नहीं था...

एल्बस

हाँ। आपका यही मतलब था।

हैरी

एल्बस, तुम मुझे उत्तेजित करने में माहिर हो...

एल्बस

आपका यही मतलब था डैडी, और सच कहूँ, तो इसके लिए मैं आपको दोष नहीं देता।

एक भयंकर ख़ामोशी।

अब शायद आपको मुझे अकेला छोड़ देना चाहिए।

हैरी

एल्बस, प्लीज़...

एल्बस कंबल उठाता है और फेंक देता है। कंबल रॉन के प्रेम काढ़े से टकरा जाता है, जो पूरे कंबल और बिस्तर पर बिखर जाता है, इससे धुएँ का हल्का झोंका उठता है।

एल्बस

तो मुझे न खुशकिस्मती मिली, न प्रेम।

एल्बस कमरे के बाहर दौड़ जाता है। हैरी *उसके पीछे जाता है।*

हैरी

एल्बस। एल्बस... प्लीज़

अंक एक दृश्य आठ

सपना, चट्टान–पर–झोंपड़ी

*एक **बड़ा धमाका**। फिर **ज़ोरदार धड़ाम**।* डडली डर्स्ली, पेटूनिया आंटी *और* वरनॉन अंकल *एक पलंग के पीछे झुके हैं।*

डडली डर्स्ली

मम्मी, मुझे यह पसंद नहीं है।

पेटूनिया आंटी

मैं जानती थी कि हमने यहाँ आकर ग़लती कर दी है। वरनॉन। वरनॉन। हम कहीं नहीं छुप सकते। लाइटहाउस भी बहुत दूर है!

*एक और **बड़ा धमाका**।*

वरनॉन अंकल

ठहरो। ठहरो। यह जो भी है, यह अंदर नहीं आ रहा है।

पेटूनिया आंटी

हम शापित हैं! उसने हमें शाप दिया है! लड़के ने हमें शाप दिया है! *(छोटे हैरी को देखते हुए।)* यह सब तुम्हारी ग़लती है। अपने दड़बे में जाओ।

छोटा हैरी *चिहुँकता है, जब* वरनॉन अंकल *अपनी राइफ़ल निकालते हैं।*

वरनॉन अंकल

तुम जो भी हो, मैं तुम्हें चेतावनी दे रहा हूँ – मेरे पास हथियार है।

*एक **ज़ोरदार धमाका**। और दरवाज़े के क़ब्जे उखड़ जाते हैं।* हैग्रिड *दरवाज़े के बीच में खड़ा है। वह उन सभी को देखता है।*

हैग्रिड

कोई एक कप चाय पिलाएगा? सफ़र आसान नहीं था।

डडली डर्स्ली

उसे। तो। देखो।

वरनॉन अंकल

पीछे हटो। पीछे हटो। मेरे पीछे, पेटूनिया। मेरे पीछे, डर्स्ली। मैं जल्दी ही इस बजरबट्टू को देखता हूँ।

हैग्रिड

बजरबट्टू? *(वह वरनॉन अंकल की बंदूक को पकड़ता है।)* कुछ अरसे से इसे नहीं देखा था। *(वह बंदूक का एक सिरा मोड़ता है और उसकी गाँठ बना देता है।)* ऊह–आह। *(और फिर उसका ध्यान भटक जाता है। उसने छोटे हैरी को देख लिया है।)* हैरी पॉटर।

छोटा हैरी

हलो।

हैग्रिड

आख़िरी बार जब तुम्हें देखा था, तुम बहुत छोटे थे। तुम अपने डैडी जैसे दिखते हो, लेकिन तुम्हारी आँखें तुम्हारी मम्मी जैसी हैं।

छोटा हैरी

आप मेरे मम्मी–डैडी को जानते थे?

हैग्रिड

मेरा शिष्टाचार कहाँ गया? हैप्पी बर्थडे हैरी। हम तुम्हारे लिए कुछ लाए हैं – शायद कहीं रास्ते में हम इसके ऊपर बैठ गए होंगे, पर लगता है इसका स्वाद अच्छा ही होगा।

अपने कोट के अंदर से वह थोड़ा दबा हुआ चॉकलेट केक निकालता है, जिस पर हरी चाशनी में लिखा है हैप्पी बर्थडे हैरी।

छोटा हैरी

आप कौन हैं?

हैग्रिड *(हँसते हुए)*

सही बात है, हमने अपना परिचय तो दिया ही नहीं। हम रूबियस हैग्रिड हैं, हॉगवर्ट्स की चाबियों और मैदान के रखवाले। *(वह*

अपने चारों तरफ़ देखता है।) तो चाय के बारे में क्या ख़्याल है? वैसे, अगर तुम लोगों के पास कोई ज़्यादा ज़ोरदार चीज़ हो, तो हम उसके लिए भी मना नहीं करेंगे।

छोटा हैरी

हॉगकहाँ?

हैग्रिड

हॉगवर्ट्स। वैसे तुम हॉगवर्ट्स के बारे में तो सब कुछ जानते ही होगे।

छोटा हैरी

अररर – नहीं। सॉरी।

हैग्रिड

सॉरी? सॉरी तुम्हें नहीं, उन्हें कहना चाहिए! हम जानते थे कि तुम्हें चिट्ठियाँ नहीं मिल रही हैं, परंतु हमने यह कभी नहीं सोचा था कि तुमने हॉगवर्ट्स का नाम भी नहीं सुना होगा, क़सम से! क्या तुमने कभी यह नहीं सोचा कि तुम्हारे मम्मी–डैडी ने यह सब कहाँ सीखा?

छोटा हैरी

क्या सीखा?

हैग्रिड ख़तरनाक अंदाज़ में वरनॉन अंकल की तरफ़ घूमता है।

हैग्रिड

क्या इसका यह मतलब है कि इसे – इस बच्चे को! – किसी भी चीज़ के बारे में – कुछ भी नहीं पता?

वरनॉन अंकल

मैं आपको मना करता हूँ कि आप इस लड़के को कुछ भी न बताएँ!

छोटा हैरी

क्या न बताएँ?

हैग्रिड वरनॉन अंकल को देखता है और फिर छोटे हैरी को।

हैग्रिड

हैरी – तुम एक जादूगर हो – तुमने हर चीज़ बदल दी थी। तुम पूरे संसार में सबसे मशहूर जादूगर हो।

और फिर कमरे के पीछे से और हर एक के पास फुसफुसाते हुए, शब्द गूँजे जो एक ऐसी आवाज़ में थे, जिसे समझने में ग़लती नहीं हो सकती थी। वोल्डेमॉर्ट की आवाज़...

हैऽऽरऽऽी पॉऽऽटऽऽऽर...

अंक एक दृश्य नौ

हैरी और जिनी पॉटर का घर, बेडरूम

हैरी अचानक जाग जाता है। रात में गहरी साँसें लेता है।

वह एक पल इंतज़ार करता है। ख़ुद को शांत करता है। और फिर उसे अपने माथे में गहरा दर्द महसूस होता है। अपने निशान में। उसके चारों तरफ़ काला जादू हिलोरें मारता है।

जिनी

हैरी...

हैरी

सब ठीक है। सो जाओ।

जिनी

प्रकाशित भव।

उसकी छड़ी से निकली रोशनी कमरे में भर जाती है। हैरी उसकी तरफ़ देखता है।

बुरा सपना?

हैरी

हाँ।

जिनी

किस बारे में?

हैरी

डर्स्ली परिवार – देखो यह शुरू तो वहीं हुआ था – लेकिन बाद में कुछ और बन गया।

अंतराल। जिनी उसकी तरफ़ देखती है – यह पता लगाने की कोशिश करती है कि वह कहाँ है।

जिनी

क्या नींद का काढ़ा चाहिए?

हैरी

नहीं। मैं ठीक हूँ। सो जाओ।

जिनी

तुम ठीक नहीं दिख रहे हो।

हैरी *कुछ नहीं बोलता है।*

(उसकी बेचैनी को देखते हुए) मुलाक़ात आसान नहीं रही होगी – एमॉस डिगोरी के साथ।

हैरी

गुस्से से तो मैं निबट सकता हूँ, लेकिन वे सही हैं, यह बात ज़्यादा मुश्किल है। एमॉस ने मेरी वजह से अपना बेटा खो दिया –

जिनी

यह तो खुद को ख़ामख़्वाह दोष देना है –

हैरी

– और मैं कुछ भी नहीं कह सकता – मैं किसी से कुछ भी नहीं कह सकता – जब भी बोलता हूँ, ग़लत बात ही निकलती है।

जिनी *उसका इशारा समझ जाती है कि उसका इशारा किसकी तरफ़ है।*

जिनी

तो यह बात तुम्हें विचलित कर रही है? हॉगवर्ट्स जाने से पहले वाली रात! यह कभी अच्छी रात नहीं होती, अगर आप वहाँ नहीं जाना चाहते हों। अल को कंबल देने की कोशिश। वैसे कोशिश अच्छी थी।

हैरी

इसके बाद सब गड़बड़ होता चला गया। मैंने कुछ ऐसी बातें कह दीं जिनी...

जिनी

मैंने सुन ली थीं।

हैरी

फिर भी तुम मुझसे बात कर रही हो?

जिनी

क्योंकि मैं जानती हूँ कि जब सही समय आएगा, तो तुम माफ़ी माँग लोगे। कि तुम्हारे कहने का सचमुच वह मतलब नहीं था। कि तुमने जो कहा उसमें दूसरी बातें छिपी थीं। तुम उसके साथ ईमानदार हो सकते हो हैरी... उसे बस इसी की ज़रूरत है।

हैरी

काश वह जेम्स या लिली जैसा होता।

जिनी *(शुष्कता से)*

शायद इतने ईमानदार भी नहीं।

हैरी

नहीं, मैं उसके बारे में एक भी चीज़ नहीं बदलना चाहता हूँ... लेकिन मैं उन लोगों को समझ सकता हूँ और...

जिनी

एल्बस अलग है और क्या यह अच्छी बात नहीं है। और वह समझ जाता है – तुम जानते हो – कि तुम कब अपनी हैरी पॉटर वाली भूमिका में आ रहे हो। वह तुम्हारा असली स्वरूप देखना चाहता है।

हैरी

'सत्य एक सुंदर और भयंकर चीज़ है, इसलिए इसके साथ बहुत सावधानी से पेश आना चाहिए।'

जिनी *उसकी तरफ़ देखती है, हैरानी से।*

डम्बलडोर।

जिनी

किसी बच्चे से यह कहना अजीब बात है।

हैरी

तब नहीं, जब आप यह मानते हों कि संसार को बचाने के लिए उस बच्चे को अपनी जान देनी होगी।

हैरी एक बार फिर हाँफता है – और वह सब करता है, जो वह अपना माथा न छूने के लिए कर सकता था।

जिनी

हैरी। क्या गड़बड़ है?

हैरी

ठीक हूँ। मैं ठीक हूँ। मैं तुम्हारी बात सुन रहा हूँ। मैं कोशिश करूँगा –

जिनी

क्या तुम्हारे निशान में दर्द हो रहा है?

हैरी

नहीं। नहीं। मैं ठीक हूँ। अब, अँधेरा करो और थोड़ा सो लेते हैं।

जिनी

हैरी। तुम्हारा निशान कब से नहीं दुखा था?

हैरी जिनी की ओर मुड़ता है, उसका चेहरा सब कुछ कह देता है।

हैरी

बाईस साल से।

अंक एक दृश्य दस

हॉगवर्ट्स एक्सप्रेस

एल्बस व्यस्त ट्रेन के बग़ल में तेज़ी से चलता है। उसने अपना सिर नीचे झुका रखा है, लोगों के ध्यान से बचने की कोशिश कर रहा है।

रोज़

एल्बस, मैं तुम्हें ही ढूँढ़ रही थी...

एल्बस

मुझे? क्यों?

रोज़ अनिश्चय में है कि वह अपनी बात कैसे कहे।

रोज़

एल्बस, चौथा साल शुरू हो रहा है और यह हमारे लिए एक नए साल की शुरुआत है। मैं चाहती हूँ कि हम एक बार फिर दोस्त बन जाएँ।

एल्बस

हम कभी दोस्त नहीं थे।

रोज़

कितनी कठोर बात कह दी! जब मैं छह साल की थी, तो तुम मेरे सबसे अच्छे दोस्त थे!

एल्बस

काफ़ी पुरानी बात है।

वह आगे जाना चाहता है, लेकिन वह उसे एक ख़ाली कम्पार्टमेंट में खींच लेती है।

रोज़

क्या तुमने अफ़वाहें सुनीं? मंत्रालय ने कुछ दिनों पहले बहुत बड़ा छापा मारा था। तुम्हारे डैडी ने बहुत बहादुरी दिखाई।

एल्बस

ऐसा क्यों है कि ऐसी बातें तुम्हें हमेशा पता चल जाती हैं और मुझे नहीं चलतीं?

रोज़

जिस जादूगर पर उन्होंने छापा मारा था – मेरे ख़्याल से उसका नाम थियोडोर नॉट था – उसके पास बहुत सारा सामान था, जो सभी तरह के क़ानूनों को तोड़ता था। एक ग़ैर–क़ानूनी काल–परिवर्तक भी था – जिसे देखकर सबकी सिट्टी–पिट्टी गुम हो गई और हवा निकल गई। और वह भी काफ़ी अच्छे क़िस्म का।

एल्बस रोज़ को देखता है। उसके दिमाग़ में हर चीज़ सही जगह पर जम जाती है।

एल्बस

काल–परिवर्तक? मेरे डैडी ने काल–परिवर्तक ज़ब्त कर लिया है?

रोज़

श्श्श! हाँ। मैं जानती हूँ। बेहतरीन, है ना?

एल्बस

पक्का?

रोज़

बिलकुल पक्का।

एल्बस

अब मुझे स्कॉर्पियस को ढूँढ़ना होगा।

वह ट्रेन में चलता है। रोज़ पीछे–पीछे जाती है और वह अपनी बात कहने पर आमादा है।

रोज़

एल्बस!

एल्बस निर्णायक रूप से मुड़ता है।

एल्बस

तुमसे किसने कहा कि मैं तुमसे बात करूँगा?

रोज़ *(कूदते हुए)*

ठीक है, शायद तुम्हारी मम्मी ने मेरे डैडी को उल्लू भेजा होगा – लेकिन सिर्फ़ इसलिए क्योंकि उन्हें तुम्हारी चिंता है। और मैं बस सोचती हूँ –

एल्बस

मुझे अकेला छोड़ दो, रोज़।

स्कॉर्पियस हमेशा वाले कम्पार्टमेंट में बैठा है। एल्बस पहले दाख़िल होता है, रोज़ अब भी उसका पीछा कर रही है।

स्कॉर्पियस

एल्बस! ओह हलो रोज़, तुम्हारे पास से किस चीज़ की खुशबू आ रही है?

रोज़

मेरे पास से किस चीज़ की खुशबू *आ रही है?*

स्कॉर्पियस

नहीं, मेरा मतलब था अच्छी खुशबू। तुम्हारे पास से ताज़े फूलों और ताज़ी ब्रेड की मिली–जुली खुशबू आ रही है।

रोज़

एल्बस, मैं यहाँ हूँ, ठीक है? अगर तुम्हें मेरी ज़रूरत हो।

स्कॉर्पियस *(हताशा में सफ़ाई देते हुए)*

मेरा मतलब है, अच्छी ब्रेड, ब्रेड... ब्रेड में क्या गड़बड़ है?

रोज़ दूर जाती है, अपना सिर हिलाती है।

रोज़

ब्रेड में क्या गड़बड़ है!

एल्बस

मैं तुम्हें हर जगह ढूँढ़ रहा था...

स्कॉर्पियस

और अब तुमने मुझे ढूँढ़ लिया है। वाह! जैसे मैं छुपा हुआ था। तुम तो जानते ही हो कि मैं... जल्दी आना क्यों पसंद करता हूँ।

लोगों के घूरने से बचने के लिए। उनके तानों से बचने के लिए। इसलिए ताकि वे मेरे संदूक पर 'वोल्डेमॉर्ट का बेटा' न लिख दें। यह कभी ख़त्म नहीं होता। वह सचमुच मुझे पसंद करती है, क्या सचमुच?

एल्बस अपने मित्र को गले लगाता है। ज़ोर से। वे एक पल के लिए गले मिलते हैं। स्कॉर्पियस इस बात से हैरान रह जाता है।

ठीक है। हलो। क्या हम पहले गले मिले हैं? क्या हम गले मिलते हैं?

दोनों लड़के अजीब तरीक़े से अलग होते हैं।

एल्बस

बस अजीब चौबीस घंटे गुज़रे हैं।

स्कॉर्पियस

उनमें क्या हुआ?

एल्बस

पूरी बात बाद में बताऊँगा। हमें इस ट्रेन से उतरना है।

दूर से सीटी की आवाज़ आती है। ट्रेन चलने लगती है।

स्कॉर्पियस

बहुत देर हो गई। ट्रेन चलने लगी है। हॉगवर्ट्स ओहो!

एल्बस

तो फिर हमें चलती ट्रेन से उतरना होगा।

ट्रॉली वाली जादूगरनी

ट्रॉली से कुछ चाहिए, प्यारे बच्चो?

एल्बस एक खिड़की खोलता है और बाहर निकलने को होता है।

स्कॉर्पियस

चलने वाली जादुई ट्रेन।

ट्रॉली वाली जादूगरनी

कद्दू की कचौड़ी? कड़ाही केक?

स्कॉर्पियस

एल्बस सीवियरस पॉटर, अपनी आँखों से यह अजीब भाव हटा लो।

एल्बस

पहला सवाल। त्रिकोणीय जादूगरी टूर्नामेंट के बारे में तुम क्या जानते हो?

स्कॉर्पियस *(ख़ुशी से)*

ऊऊऊह, क्विज़! तीन स्कूल तीन चैंपियन चुनते हैं, जो कप जीतने के लिए तीन कामों में प्रतिस्पर्धा करते हैं। इसका किसी चीज़ से क्या लेना–देना है?

एल्बस

दरअसल तुम बहुत बड़े रट्टू तोते हो। क्या तुम यह बात जानते हो?

स्कॉर्पियस

हाँ–हुह।

एल्बस

दूसरा सवाल। त्रिकोणीय जादूगरी टूर्नामेंट बीस साल से ज़्यादा समय से क्यों नहीं हुआ है?

स्कॉर्पियस

पिछले टूर्नामेंट की आख़िरी प्रतिस्पर्धा में तुम्हारे डैडी और सेडरिक डिगोरी नाम का लड़का शामिल थे – उन्होंने मिलकर जीतने का फ़ैसला किया, लेकिन कप आवागमन–कुंजी था – और उसने उन्हें वोल्डेमॉर्ट के पास पहुँचा दिया। सेडरिक मारा गया। इसके तुरंत बाद ही उन्होंने टूर्नामेंट रद्द कर दिया।

एल्बस

बढ़िया। तीसरा सवाल। क्या सेडरिक का मरना ज़रूरी था? आसान सवाल, आसान जवाब : नहीं। वोल्डेमॉर्ट ने जो शब्द कहे थे, वे थे 'दूसरे लड़के को मार डालो।' दूसरा। वह सिर्फ़ इसलिए मरा, क्योंकि वह मेरे डैडी के साथ था और मेरे डैडी उसे नहीं बचा पाए – हम बचा सकते हैं। एक ग़लती हुई है और हम इसे

ठीक करने जा रहे हैं। हम काल–परिवर्तक का इस्तेमाल करने जा रहे हैं। हम उसे वापस ज़िंदा करने जा रहे हैं।

स्कॉर्पियस

एल्बस, स्पष्ट कारणों से, मैं काल–परिवर्तक को पसंद नहीं करता हूँ...

एल्बस

जब एमॉस डिगोरी ने मेरे डैडी से काल–परिवर्तक के बारे में पूछा था, तो उन्होंने सरासर इंकार करते हुए कहा था कि यह उनके पास नहीं है। उन्होंने उस बूढ़े आदमी से झूठ बोला, जो बस अपना बेटा वापस चाहता था – जो बस अपने बेटे से प्रेम करता था। और उन्होंने ऐसा इसलिए किया, क्योंकि उन्हें परवाह नहीं थी... क्योंकि उन्हें किसी की परवाह नहीं है। हर कोई डैडी के वीरतापूर्ण कामों की बात करता रहता है। लेकिन उन्होंने कुछ ग़लतियाँ भी की हैं। दरअसल, कुछ बड़ी ग़लतियाँ। मैं उनमें से एक ग़लती को सुधारना चाहता हूँ। मैं चाहता हूँ कि हम सेडरिक को बचा लें।

स्कॉर्पियस

लगता है, जिस चीज़ ने तुम्हारे दिमाग़ को जोड़ रखा था, वह हट गई है।

एल्बस

मैं यह काम करने जा रहा हूँ, स्कॉर्पियस। मुझे यह करना ही होगा। और मेरी ही तरह तुम भी जानते हो कि अगर तुम मेरे साथ नहीं चले, तो मैं सब गड़बड़ कर दूँगा। चलो।

वह मुस्कुराता है। और फिर ऊपर ग़ायब हो जाता है। स्कॉर्पियस पल भर के लिए झिझकता है। वह मुँह बनाता है। लेकिन वह जानता है कि उसे क्या करना है – कि वह क्या करने वाला है – वह भी ऊपर होता है और एल्बस के पीछे ग़ायब हो जाता है।

अंक एक दृश्य ग्यारह

हॉगवर्ट्स एक्सप्रेस, छत

हवा चारों तरफ़ से सीटी बजाती है और हवा काफ़ी खूँखार है, दृढ़ एल्बस और दहशतज़दा स्कॉर्पियस ट्रेन की छत पर खड़े हैं।

स्कॉर्पियस

ठीक है, अब हम ट्रेन की छत पर आ गए हैं। यह तेज़ है! यह अनुभव डरावना है, बेहतरीन है। मुझे ऐसा लगता है, जैसे मैंने अपने बारे में बहुत कुछ सीखा है, तुम्हारे बारे में भी कुछ सीखा है, लेकिन –

एल्बस

जैसा मेरा अनुमान है, हम जल्दी ही पुल के पास पहुँच जाएँगे और वहाँ से सेंट ओसवाल्ड्स होम फ़ॉर ओल्ड विचेस एंड विज़ाड्‌र्स तक थोड़ी दूर ही पैदल चलना होगा...

स्कॉर्पियस

क्या? कहाँ? देखो, ज़िंदगी में पहली बार बग़ावत करने को लेकर मैं भी तुम्हारे जितना ही उत्साहित हूँ – हाँ – ट्रेन की छत – मज़े – लेकिन अब – ओह।

स्कॉर्पियस कोई ऐसी चीज़ देख लेता है, जो वह नहीं देखना चाहता।

एल्बस

अगर हमारे गद्दी मंत्र ने काम नहीं किया, तो पानी बहुत उपयोगी सहारा होगा।

स्कॉर्पियस

एल्बस। ट्रॉली वाली जादूगरनी।

एल्बस

तुम्हें सफ़र के लिए नाश्ता चाहिए?

स्कॉर्पियस

नहीं। एल्बस। ट्रॉली वाली जादूगरनी हमारी तरफ़ आ रही है।

एल्बस

नहीं, वह कैसे आ सकती है, हम ट्रेन की छत पर हैं...

स्कॉर्पियस एल्बस *को सही दिशा में इशारा करता है और अब वह भी* ट्रॉली वाली जादूगरनी *को देख सकता है, जो निर्लिप्त भाव से क़रीब आती है। अपनी ट्रॉली को धकाते हुए।*

ट्रॉली वाली जादूगरनी

ट्रॉली से कुछ चाहिए, प्यारे बच्चो? कद्दू की कचौड़ी? चॉकलेट मेंढक? कड़ाही केक?

एल्बस

ओह।

ट्रॉली वाली जादूगरनी

लोग मेरे बारे में ज़्यादा नहीं जानते हैं। वे मेरे कड़ाही केक ख़रीदते हैं – लेकिन वे दरअसल कभी मुझ पर ग़ौर नहीं करते हैं। मुझे याद नहीं है कि आख़िरी बार किसी ने कब मेरा नाम पूछा था।

एल्बस

आपका नाम क्या है?

ट्रॉली वाली जादूगरनी

मैं भूल गई हूँ। मैं तो तुम्हें बस इतना बता सकती हूँ कि जब हॉगवर्ट्स एक्सप्रेस पहली बार चली थी – तो ओट्टेलाइन गैम्बोल ने ख़ुद यह नौकरी मुझे दी थी...

स्कॉर्पियस

यह तो – एक सौ नब्बे साल पुरानी बात है। तुम यह काम एक सौ नब्बे साल से कर रही हो?

ट्रॉली वाली जादूगरनी

इन हाथों ने साठ लाख से ज़्यादा कद्दू की कचौड़ी बनाई हैं। मैं उनमें काफ़ी निपुण हो चुकी हूँ। लेकिन लोगों ने मेरी कद्दू की कचौड़ी की इस ख़ासियत पर ग़ौर नहीं किया है कि वे कितनी आसानी से किसी दूसरी चीज़ में बदल सकती हैं...

वह एक कद्दू की कचौड़ी उठाती है। वह इसे किसी हथगोले की तरह फेंकती है। इसमें विस्फोट हो जाता है।

और तुम्हें यक़ीन नहीं होगा कि मैं अपने चॉकलेट मेंढक से क्या कर सकती हूँ। कभी नहीं होगा। कभी नहीं। क्या मैंने किसी को उसकी मंज़िल पर पहुँचने से पहले इस ट्रेन से नीचे उतरने दिया है। कुछ ने कोशिश की है – सिरियस ब्लैक और उसके दोस्तो, फ़्रेड और जॉर्ज वीज़्ली ने। **सभी नाकाम रहे। क्योंकि यह ट्रेन – यह पसंद नहीं करती है कि लोग इससे बीच में उतरें...**

ट्रॉली वाली जादूगरनी *के हाथ बहुत नुकीली कीलों में बदल जाते हैं। वह मुस्कुराती है।*

तो कृपया बाक़ी यात्रा के लिए अपनी सीटों पर दोबारा बैठ जाओ।

एल्बस

तुमने सही कहा था, स्कॉर्पियस। यह ट्रेन जादुई है।

स्कॉर्पियस

इस पल मुझे सही होने में कोई मज़ा नहीं आ रहा है।

एल्बस

लेकिन मैं भी सही था – पुल के बारे में – वहाँ नीचे पानी है, गद्दी मंत्र को आज़माने का समय है।

स्कॉर्पियस

एल्बस, यह ख़राब विचार है।

एल्बस

ऐसा क्या? *(वह एक पल को झिझकता है, लेकिन फिर उसे अहसास होता है कि झिझकने का समय निकल चुका है।)* अब बहुत देर हो चुकी है। तीन। दो। एक। नरम–गद्दी!

वह कूदते हुए मंत्र पढ़ता है।

स्कॉर्पियस

एल्बस... एल्बस...

वह हताशा में अपने मित्र को नीचे देखता है। वह पास आती ट्रॉली वाली जादूगरनी को देखता है। जादूगरनी के बाल उड़ रहे हैं। उसकी कीलें ख़ास तौर पर नुकीली हैं।

देखो, हालाँकि आप मज़ेदार दिख रही हैं, लेकिन मुझे अपने दोस्त के पीछे जाना होगा।

वह अपनी नाक दबाता है, एल्बस के पीछे कूद जाता है और कूदते हुए मंत्र पढ़ता है।

नरम–गद्दी!

अंक एक दृश्य बारह

जादू मंत्रालय, भव्य मीटिंग रूम

मंच जादूगरों और जादूगरनियों से भरा हुआ है। वे उसी तरह धड़ाधड़ बात कर रहे हैं, जिस तरह सभी सच्चे जादूगर और जादूगरनियाँ कर सकते हैं। इन जादूगरों में जिनी, ड्रेको *और* रॉन *शामिल हैं। उनके ऊपर मंच पर* हर्माइनी *और* हैरी *हैं।*

हर्माइनी

ख़ामोश! ख़ामोश! क्या मुझे मंत्र पढ़कर ख़ामोशी हासिल करनी होगी? *(वह अपनी छड़ी का इस्तेमाल करके भीड़ को ख़ामोश करती है।)* अच्छी बात है। इस असाधारण महासभा में स्वागत है। मैं बहुत खुश हूँ कि इतने सारे लोग आने में कामयाब हुए। जादुई संसार बहुत सालों से शांति में रह रहा है। बाईस साल हो चुके हैं, जब हमने हॉगवर्ट्स के युद्ध में वोल्डेमॉर्ट को हराया था और अब मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि हमारी नई पीढ़ी ने केवल छुटपुट संघर्ष ही देखे हैं। अब तक। हैरी?

हैरी

वोल्डेमॉर्ट के साथी कुछ महीनों से सक्रिय हो गए हैं। हमने पीछा किया जब दैत्य यूरोप के पार जा रहे थे, दानव समुद्र पार कर रहे थे और नरभेड़िये – देखिए, मुझे यह कहते हुए अफ़सोस है कि कुछ सप्ताह पहले वे हमारी निगाहों से ओझल हो गए। हम नहीं जानते कि वे कहाँ जा रहे हैं या किसने उन्हें कहीं जाने के लिए प्रोत्साहित किया है – लेकिन हम इतना ज़रूर जानते हैं कि वे कहीं जा रहे हैं – और हम चिंतित हैं कि इसका न जाने

क्या मतलब होगा। इसलिए हम पूछ रहे हैं – क्या किसी ने कोई चीज़ देखी है? कोई चीज़ महसूस की है? अगर आप छड़ी उठा दें, तो हम हर एक की बात सुन लेंगे। प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल – धन्यवाद।

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल

जब हम गर्मियों की छुट्टी से लौटे, तो ऐसा लग रहा था जैसे किसी ने हमारे काढ़ों के भंडार पर हाथ साफ़ किया है, लेकिन बहुत ज़्यादा काढ़े ग़ायब नहीं थे – बस बूमस्लैंग साँप की थोड़ी सी केंचुली और लेसविंग मक्खियाँ। प्रतिबंधित सामानों में से कुछ ग़ायब नहीं है। हमारा मानना है कि यह काम पीव्ज़ का होगा।

हर्माइनी

धन्यवाद, प्रोफ़ेसर। हम जाँच करेंगे। *(वह कमरे में चारों ओर देखती है।)* कोई और? अच्छी बात है, और – सबसे गंभीर – और यह वोल्डेमॉर्ट के जाने के बाद से कभी नहीं हुआ – हैरी के निशान में फिर से दर्द हो रहा है।

ड्रेको

वोल्डेमॉर्ट मर चुका है, वोल्डेमॉर्ट जा चुका है।

हर्माइनी

हाँ ड्रेको, वोल्डेमॉर्ट मर चुका है, लेकिन इन सारी बातों ने हमें यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि शायद वोल्डेमॉर्ट – या वोल्डेमॉर्ट का कोई अवशेष – लौट सकता है।

इस पर प्रतिक्रिया होती है।

हैरी

यह मुश्किल है। लेकिन इसे ख़ारिज करने के लिए हमें इस बारे में पूछताछ करनी होगी। शैतानी निशान वाले लोगों... आपको कुछ महसूस हुआ? ज़रा सी भी सनसनाहट?

ड्रेको

एक बार फिर शैतानी निशान वाले लोगों के ख़िलाफ़ पूर्वाग्रह रख रहे हो, पॉटर?

हर्माइनी

नहीं, ड्रेको। हैरी तो बस यह कहने की कोशिश कर रहा है –

ड्रेको

तुम जानती हो, यह किस बारे में है? हैरी बस अपना चेहरा अख़बारों में दोबारा देखना चाहता है। *दैनिक जादूगर* हर साल एक बार वोल्डेमॉर्ट की अफ़वाहें छापता रहता है –

हैरी

इनमें से कोई अफ़वाह मैंने शुरू नहीं की!

ड्रेको

क्या सचमुच? क्या तुम्हारी पत्नी दैनिक जादूगर का संपादन नहीं करती है?

जिनी *उसकी तरफ़ एक क़दम बढ़ाती है, उग्र होकर।*

जिनी

मैं तो बस खेल पृष्ठों का संपादन करती हूँ!

हर्माइनी

ड्रेको। हैरी ने इसकी ख़बर मंत्रालय को दी थी... और जादू मंत्री होने के नाते मैं –

ड्रेको

तुम जादू मंत्री सिर्फ़ इसीलिए बनी हो, क्योंकि तुम उसकी दोस्त हो।

जिनी रॉन *को पीछे रोक लेती है, जब वह* ड्रेको *पर झपटने वाला होता है।*

रॉन

तुम्हें अपने चेहरे पर तमाचा चाहिए?

ड्रेको

सच्चाई का सामना करो – उसकी शोहरत का असर तुम सब पर होता है। और कितना बेहतर रहेगा, अगर हर कोई पॉटर का नाम दोबारा फुसफुसाने लगे, *(हैरी की नक़ल करते हुए)* 'मेरे निशान में दर्द हो रहा है, मेरे निशान में दर्द हो रहा है'। और क्या आप जानते हैं, इस सबका क्या मतलब है – सभी अफ़वाह फैलाने वालों को एक बार फिर मेरे बेटे को बदनाम करने का मौक़ा मिल जाएगा और वे उसके जन्म के बारे में मूर्खतापूर्ण अफ़वाहें फैलाने लगेंगे।

हैरी

ड्रेको, कोई भी नहीं कह रहा है कि इसका स्कॉर्पियस से कोई लेना-देना है...

ड्रेको

देखो, मैं तो यह मानता हूँ कि यह पूरी मीटिंग नाटक है। और मैं जा रहा हूँ।

वह बाहर चला जाता है। दूसरे उसके पीछे जाने लगते हैं।

हर्माइनी

नहीं। यह सही नहीं है... लौट आएँ। हमें एक रणनीति बनाने की ज़रूरत है।

अंक एक दृश्य तेरह

सेंट ओसवाल्ड्स होम फ़ॉर ओल्ड विचेस एंड विज़ाड्र्स

हंगामा है। जादू है। यह सेंट ओसवाल्ड्स होम फ़ॉर ओल्ड विचेस एंड विज़ाड्र्स है और यह उतना ही कमाल का है, जितनी आप उम्मीद कर सकते हैं।

फ़्रेमों को जादू से ज़िंदा कर दिया जाता है, बुनाई के ऊन को मंत्र पढ़कर बेक़ाबू कर दिया जाता है और पुरुष नर्सों को नाचने पर मजबूर किया जाता है।

ये वे लोग हैं, जो अब किसी कारण से जादू करने के बोझ से आज़ाद हो चुके हैं – इसके बजाय ये जादूगर और जादूगरनियाँ मज़े के लिए जादू करते हैं। और वे बहुत मज़े करते हैं।

एल्बस और स्कॉर्पियस वहाँ आते हैं, अपने आस-पास देखते हैं, खुश और – सच कहें तो – थोड़े घबराए हुए।

एल्बस और स्कॉर्पियस

उहँ, माफ़ कीजिए... माफ़ कीजिए। **माफ़ कीजिए!**

स्कॉर्पियस

ठीक है, तो यह जगह पगलाई हुई है।

एल्बस

हमें एमॉस डिगोरी से मिलना है।

अचानक पूरा सन्नाटा छा जाता है। हर कोई तुरंत स्थिर हो जाता है। और थोड़ा उदास भी।

ऊन वाली जादूगरनी

तुम लड़कों को उस बेकार बुड्ढे से क्या काम है?

डेल्फ़ी एक मुस्कान के साथ प्रकट होती है।

डेल्फ़ी

एल्बस? एल्बस! तुम आ गए? यह तो बहुत बढ़िया हुआ! चलकर एमॉस से हलो कर लो!

अंक एक दृश्य चौदह

सेंट ओसवाल्ड्स होम फ़ॉर ओल्ड विचेस एंड विज़ाड्र्स, एमॉस का कमरा

एमॉस स्कॉर्पियस और एल्बस की तरफ़ चिड़चिड़ाहट से देखता है। डेल्फ़ी उन तीनों को देखती है।

एमॉस

तो मैं यह बात सीधे समझ लेता हूँ। तुम किसी की बातचीत छुपकर सुनते हो – एक ऐसी बातचीत, जो तुम्हें छुपकर नहीं सुननी चाहिए थी – और तुम बिना किसी के उकसाए यह निर्णय लेते हो – दरअसल, बिना अनुमति के – कि तुम किसी दूसरे के काम में टाँग अड़ाओ और कसकर टाँग अड़ाओ।

एल्बस

मेरे डैडी ने आपसे झूठ बोला था – मैं जानता हूँ कि उन्होंने झूठ बोला था – उनके पास एक काल–परिवर्तक है।

एमॉस

ज़ाहिर है, उनके पास है। अब तुम जा सकते हो।

एल्बस

क्या? नहीं। हम यहाँ मदद करने आए हैं।

एमॉस

मदद? दो छोटे लड़के मेरे लिए क्या कर सकते हैं?

एल्बस

मेरे डैडी ने साबित कर दिया था कि जादुई संसार को बदलने के लिए बड़ा होने की ज़रूरत नहीं है।

एमॉस

तो मैं तुम्हें शामिल होने की अनुमति सिर्फ़ इसलिए दे दूँ, क्योंकि तुम पॉटर ख़ानदान के हो? अपने मशहूर पारिवारिक नाम पर भरोसा कर रहे हो, है ना?

एल्बस

नहीं!

एमॉस

वह पॉटर, जो नागशक्ति हाउस में है – हाँ, मैंने तुम्हारे बारे में पढ़ रखा है – और जो मैल्फ़ॉय लड़के के साथ मुझसे मिलने आता है – एक ऐसा मैल्फ़ॉय, जो वोल्डेमॉर्ट का बेटा भी हो सकता है? यह कैसे मान लिया जाए कि तुम काले जादू में शामिल नहीं हो?

एल्बस

लेकिन –

एमॉस

तुमने जो बताया, वह मुझे पहले से मालूम था, लेकिन फिर भी पुष्टि उपयोगी है। तुम्हारे डैडी ने झूठ बोला था। अब जाओ। तुम दोनों। और मेरा समय बर्बाद मत करो।

एल्बस *(शक्ति के साथ)*

नहीं, आपको मेरी बात सुननी पड़ेगी, आपने यह खुद कहा था – मेरे डैडी के हाथ कितने खून से रँगे हुए हैं। इसे बदलने में मुझे अपनी मदद करने दें। उनकी एक ग़लती सुधारने में मेरी मदद करें। मेरा विश्वास करें।

एमॉस *(ऊँची आवाज़ में)*

क्या तुमने मेरी बात नहीं सुनी, लड़के? मेरे पास तुम पर भरोसा करने का कोई कारण नहीं है। इसलिए जाओ। अभी। वरना मैं तुम्हें जाने के लिए मजबूर कर दूँगा।

वह ख़तरनाक तरीक़े से अपनी छड़ी उठाता है। एल्बस छड़ी की तरफ़ देखता है – वह ढीला पड़ जाता है – एमॉस ने उसे परास्त कर दिया है।

स्कॉर्पियस

चलो दोस्त, अगर हम किसी चीज़ में अच्छे हैं, तो यह जानने में हैं कि कहाँ हमारी ज़रूरत नहीं है।

एल्बस जाना नहीं चाहता। स्कॉर्पियस उसका हाथ पकड़कर खींचता है। वह मुड़ता है और वे दूर जाने लगते हैं।

डेल्फ़ी

अंकल, आपको उन पर भरोसा करना चाहिए, इसके पीछे एक कारण है।

वे रुक जाते हैं।

वे एकमात्र लोग हैं, जिन्होंने स्वेच्छा से मदद करने का प्रस्ताव रखा है। वे आपके बेटे को आपके पास लाने के लिए बहादुरी से जोखिम उठाने को तैयार हैं। वास्तव में, मुझे पूरा भरोसा है कि उन्होंने तो यहाँ आकर भी जोखिम उठाया है...

एमॉस

हम सेडरिक की बात कर रहे हैं...

डेल्फ़ी

और – क्या आपने खुद नहीं कहा था – कि हॉगवर्ट्स के भीतर किसी के होने से बहुत फ़ायदा होगा?

डेल्फ़ी एमॉस के सिर के ऊपरी हिस्से को चूमती है। एमॉस डेल्फ़ी की तरफ़ देखता है और फिर मुड़कर लड़कों को देखता है।

एमॉस

क्यों? तुम लोग खुद को जोखिम में क्यों डालना चाहते हो? इसमें तुम्हारा क्या फ़ायदा है?

एल्बस

मैं जानता हूँ कि अवांछित या दूसरा बनना क्या होता है। आपके बेटे की जान नहीं जानी चाहिए थी, मि. डिगोरी। हम उसे लौटाने में आपकी मदद कर सकते हैं।

एमॉस *(आख़िरकार भावना दिखाते हुए)*

मेरा बेटा – मेरा बेटा मेरे साथ हुई सबसे अच्छी चीज़ था – और तुम सही हो कि यह एक अन्याय था – भारी अन्याय – अगर तुम गंभीर हो...

एल्बस

हम बहुत गंभीर हैं।

एमॉस

यह काम ख़तरनाक होगा।

एल्बस

हम जानते हैं।

स्कॉर्पियस

क्या हम जानते हैं?

एमॉस

डेल्फ़ी – अगर तुम उनका साथ देने को तैयार हो तो?

डेल्फ़ी

अगर इससे आपको ख़ुशी मिलती है अंकल, तो मैं तैयार हूँ।

वह एल्बस की तरफ़ देखकर मुस्कुराती है, वह भी पलटकर मुस्कुराता है।

एमॉस

तुम यह समझते हो कि काल–परिवर्तक को हासिल करना जान जोखिम में डालने वाला काम है।

एल्बस

हम अपनी जान जोखिम में डालने को तैयार हैं।

स्कॉर्पियस

क्या सचमुच?

एमॉस *(संजीदगी से)*

मुझे उम्मीद है कि तुम्हारे अंदर इतनी कूवत होगी।

अंक एक दृश्य पंद्रह

हैरी और जिनी पॉटर का घर, किचन

हैरी, रॉन, हर्माइनी *और* जिनी *एक साथ बैठकर खाना खा रहे हैं।*

हर्माइनी

मैंने ड्रेको को बार–बार बताया है – मंत्रालय में कोई भी स्कॉर्पियस के बारे में कुछ नहीं बोल रहा है। अफ़वाहें हम नहीं फैला रहे हैं।

जिनी

जब एस्टोरिया गुज़री थी, तो मैंने उसे पत्र लिखकर पूछा था कि क्या हम उसके लिए कुछ कर सकते हैं। मैंने सोचा था कि शायद – चूँकि वह एल्बस का इतना अच्छा दोस्त है – शायद स्कॉर्पियस क्रिसमस की छुट्टियों में कुछ दिन हमारे यहाँ रुकने आना चाहे. .. मेरा उल्लू लौट आया, जिसके साथ एक वाक्य का पत्र था : 'अपने पति से कहना कि वह हमेशा–हमेशा के लिए मेरे बेटे के बारे में इन आरोपों का खंडन कर दे।'

हर्माइनी

वह एक ही बात पर अटका हुआ है।

जिनी

वह परेशान है – दुखी और परेशान।

रॉन

और मुझे उसकी पत्नी के गुज़रने का अफ़सोस है, लेकिन जब वह हर्माइनी पर आरोप लगाता है कि ... *(वह हैरी को देखता है)* वैसे हो सकता है यह कुछ भी न हो।

हर्माइनी

मतलब?

रॉन

हो सकता है कि दैत्य किसी पार्टी में जा रहे हों, दानव किसी शादी में जा रहे हों, तुम्हें बुरे सपने इसलिए आ रहे हों क्योंकि तुम एल्बस को लेकर चिंतित हो, और तुम्हारा निशान इसलिए दुख रहा हो, क्योंकि तुम बूढ़े हो रहे हो।

हैरी

बूढ़ा हो रहा हूँ? धन्यवाद, दोस्त।

रॉन

सच कहूँ, तो आजकल मैं जब भी बैठता हूँ, तो मेरे मुँह से 'उफ़' की आवाज़ निकल जाती है। 'उफ़!' और मेरे पैर – मुझे अपने पैरों में दिक्कत हो रही है – मेरे पैर जो दर्द देते हैं, उसके बारे में तो मैं गीत लिख सकता हूँ – शायद तुम्हारा निशान भी ऐसा ही है।

जिनी

तुम बहुत बकवास करते हो।

रॉन

इसे मैं अपना विशेष हुनर मानता हूँ। वह और दौड़ते नाश्तों के मेरे प्रॉडक्ट्स। और तुम सबसे मेरा प्यार। किड़ीकॉप जिनी से भी।

जिनी

रोनाल्ड वीज़्ली, अगर तुम ठीक से नहीं रहोगे, तो मैं मम्मी को बता दूँगी।

रॉन

ऐसा मत करना।

हर्माइनी

अगर वोल्डेमॉर्ट का कोई हिस्सा किसी भी रूप में बचा हुआ है, तो हमें तैयार रहना चाहिए। और मुझे डर लग रहा है।

जिनी

मुझे भी डर लग रहा है।

रॉन

मुझे किसी चीज़ से डर नहीं लगता। मम्मी को छोड़कर।

हर्माइनी

हैरी, मैं यह बात दावे से कहती हूँ कि इस मामले में मैं कॉर्नेलियस फ़ज जैसी नहीं रहूँगी। मैं अपना सिर रेत में नहीं छिपाऊँगी। और मुझे परवाह नहीं है कि इससे ड्रेको मैल्फ़ॉय मुझे कितना नापसंद करता है।

रॉन

वैसे भी तुम्हें दरअसल कभी लोकप्रियता का शौक नहीं था, है ना?

हर्माइनी रॉन पर गुस्सैल निगाह डालती है और रॉन को मारना चाहती है, लेकिन रॉन रास्ते से हट जाता है।

चूक गईं।

जिनी रॉन को मुक्का मारती है। रॉन मुँह बनाता है।

पड़ा। बहुत तगड़ा पड़ा।

अचानक एक उल्लू कमरे में आ जाता है। यह नीचे की ओर उड़ता है और हैरी की प्लेट में एक चिट्ठी टपका देता है।

हर्माइनी

उल्लू इतनी देर से क्यों आया है?

हैरी *चिट्ठी खोलता है। हैरानी से।*

हैरी

प्रोफ़ेसर मैक्गॉनेगल की चिट्ठी है।

जिनी

इसमें क्या लिखा है?

हैरी *का चेहरा उतर जाता है।*

हैरी

जिनी, एल्बस – एल्बस और स्कॉर्पियस – वे स्कूल नहीं पहुँचे। वे लापता हैं!

अंक एक दृश्य सोलह

व्हाइटहॉल, तहख़ाना

स्कॉर्पियस, जिसके अगल–बग़ल में एल्बस और डेल्फ़ी खड़े हैं, एक बोतल को कनखियों से देख रहा है।

स्कॉर्पियस

तो हम इसे ले लें?

एल्बस

स्कॉर्पियस, क्या मुझे सचमुच तुम्हें – रट्टू तोते और काढ़ों के विशेषज्ञ को – यह बात समझानी होगी कि भेसबदल काढ़ा क्या करता है? डेल्फ़ी की बेहतरीन तैयारी की बदौलत हम यह काढ़ा पिएँगे, जिससे हमारा वेष बदल जाएगा और नए वेष में हम जादू मंत्रालय में दाख़िल हो जाएँगे।

स्कॉर्पियस

ठीक है, दो बातें पूछनी हैं। एक, क्या इसमें दर्द होता है?

डेल्फ़ी

बहुत – जितना मुझे पता है।

स्कॉर्पियस

धन्यवाद। पहले से पता होना अच्छी बात है। दूसरी बात – क्या तुममें से किसी को पता है कि भेसबदल काढ़े में किस चीज़ का स्वाद आता है? क्योंकि मैंने सुना है कि इसमें मछली जैसा स्वाद आता है और अगर ऐसा है, तो मुझे उलटी हो जाएगी। मछली मुझे रास नहीं आती है। कभी नहीं आई है। कभी नहीं आएगी।

डेल्फ़ी

चेतावनी देना अच्छा रहा। *(वह साँस लेती है और काढ़ा पी जाती है।)* इसमें मछली जैसा स्वाद नहीं है। *(उसका भेस बदलने लगता है। यह दर्दनाक है।)* दरअसल इसका स्वाद अच्छा है, हाँ। यह दर्दनाक है, लेकिन... *(वह ज़ोर से डकार लेती है।)* मैं अपनी बात वापस लेती हूँ। यह – थोड़ा – *(वह एक बार फिर डकार लेती है और हर्माइनी में बदल जाती है।)* थोड़ा – ज़ोरदार – मछली जैसा अवशेष है।

एल्बस

ठीक है, तो – वाह!

स्कॉर्पियस

मेरी तरफ़ से भी वाह!

डेल्फ़ी / हर्माइनी

यह सिर्फ़ महसूस ही नहीं होता है, बल्कि मेरी – मेरी आवाज़ भी हर्माइनी जैसी हो गई है! मेरी तरफ़ से भी वाह!

एल्बस

ठीक है। तो अब मेरी बारी।

स्कॉर्पियस

नहीं। किसी तरह से नहीं, दोस्त। अगर हम यह काम कर रहे हैं, तो हम इसे *(वह मुस्कुराते हुए जाना–पहचाना चश्मा लगा लेता है)* एक साथ कर रहे हैं।

एल्बस

तीन। दो। एक।

वे काढ़ा गटक लेते हैं।

नहीं, यह अच्छा है *(वह दर्द से भर जाता है)*। यह कम अच्छा है।

उन दोनों का ही रूप बदलने लगता है और यह दर्द भरा है।

एल्बस रॉन में बदल जाता है और स्कॉर्पियस हैरी में।

वे दोनों एक–दूसरे को देखते हैं। ख़ामोशी छा जाती है।

एल्बस/रॉन

यह थोड़ा विचित्र है, है ना?

स्कॉर्पियस/हैरी *(नाटकीय – वह सचमुच मज़े ले रहा है)*

अपने कमरे में जाओ। सीधे अपने कमरे में जाओ। तुम बहुत गंदे बेटे हो।

एल्बस/रॉन *(हँसते हुए)*

स्कॉर्पियस...

स्कॉर्पियस/हैरी *(अपना चोगा अपने कंधे पर उछालते हुए)*

यह तुम्हारा विचार था – कि मैं हैरी बनूँ और तुम रॉन बनो! मैं बस हँसी–मज़ाक करना चाहता था, इससे पहले कि हम... *(और फिर वह ज़ोर से डकार लेता है।)* ठीक है, तो यह बहुत ही बुरा है।

एल्बस/रॉन

जानते हो, वे इसे अच्छी तरह से छुपाते हैं, लेकिन रॉन अंकल का पेट बढ़ रहा है।

डेल्फ़ी/हर्माइनी

हमें चलना चाहिए – तुम्हें नहीं लगता क्या?

वे सड़क पर पहुँचते हैं। एक टेलीफ़ोन बूथ में जाते हैं। 62442 डायल करते हैं।

टेलीफ़ोन बूथ

स्वागत, हैरी पॉटर। स्वागत, हर्माइनी ग्रेंजर। स्वागत, रॉन वीज़्ली।

वे मुस्कुराते हैं, जब टेलीफ़ोन बॉक्स फ़र्श में ग़ायब हो जाता है।

अंक एक दृश्य सत्रह

जादू मंत्रालय, सभा कक्ष

हैरी, हर्माइनी, जिनी और ड्रेको एक छोटे कमरे में चहलक़दमी कर रहे हैं। वे चारों चिंता में डूबे हैं।

ड्रेको

क्या हमने पटरियों के आस–पास अच्छी तरह खोजबीन कर ली है?

हैरी

मेरे विभाग ने एक बार खोजबीन कर ली है और वे दोबारा कर रहे हैं।

ड्रेको

और ट्रॉली वाली जादूगरनी हमें कोई उपयोगी जानकारी नहीं दे पा रही है?

हर्माइनी

ट्रॉली वाली जादूगरनी तो आगबबूला है। वह बार–बार बोल रही है कि उसने ओट्टेलाइन गैम्बोल को नीचा दिखाया है। उसे विद्यार्थियों को हॉगवट्र्स पहुँचाने के अपने रिकॉर्ड पर गर्व है।

जिनी

क्या मगलुओं द्वारा जादू की हरकतों का कोई मामला सामने आया है?

हर्माइनी

अब तक तो नहीं। मैंने मगलू प्रधानमंत्री को जानकारी दे दी है और वे गुमशुदा की एफ़आईआर जैसी चीज़ करवा रहे हैं। किसी मंत्र जैसा लगता है। लेकिन है नहीं।

ड्रेको

तो अब हम मगलुओं पर भरोसा कर रहे हैं कि वे हमारे बच्चे ढूँढ़कर हमें दें? कहीं हमने उन्हें हैरी के निशान के बारे में तो नहीं बता दिया?

जिस तरह का माहौल बन रहा है, हर्माइनी उसे हल्का करने की कोशिश करती है।

हर्माइनी

हम सिर्फ़ मगलुओं की मदद ले रहे हैं। और कौन जाने इसका हैरी के निशान से क्या संबंध हो, लेकिन हम निश्चित रूप से इस मामले को गंभीरता से ले रहे हैं। हमारे ऑरर इस वक़्त काले जादू से जुड़े हर व्यक्ति की जाँच–पड़ताल कर रहे हैं और –

ड्रेको

इसका संबंध प्राणभक्षियों से *नहीं* है।

हर्माइनी

मुझे नहीं लगता कि इस बात पर मुझे आप जितना भरोसा है...

ड्रेको

मुझे भरोसा नहीं है, मैं तो पूरी तरह सही बात कह रहा हूँ। आजकल काले जादू में किस तरह के मूर्ख लोग उतर आए हैं। मेरा बेटा मैल्फ़ॉय वंश का है, उनकी हिम्मत नहीं होगी।

हैरी

जब तक कि वहाँ कोई नई चीज़ न हो, कोई ऐसी चीज़ –

जिनी

मैं ड्रेको की बात से सहमत हूँ – अगर यह अपहरण है – तो एल्बस को ले जाने की बात तो समझ आती है, लेकिन उन दोनों को ले जाना...

हैरी जिनी से निगाहें मिलाता है, यह स्पष्ट हो जाता है कि वह उसके मुँह से क्या सुनना चाहती है।

ड्रेको

और मैंने स्कॉर्पियस में चाहे जो संस्कार भरने की कोशिश की हो, वह अगुआ होने के बजाय अनुयायी है। इसलिए बेशक एल्बस

ने ही उसे उस ट्रेन से उतारा होगा और अब मेरा सवाल यह है, वह उसे कहाँ ले जाएगा?

जिनी

हैरी, वे भाग गए हैं, तुम और मैं यह बात जानते हैं।

ड्रेको इस बात पर ग़ौर करता है कि पति–पत्नी एक दूसरे को एकटक देख रहे हैं। वह समझ जाता है कि आँखों–आँखों में कोई बात बता दी गई है।

ड्रेको

क्या तुम्हें? पता है? तुम कौन सी बात छुपा रहे हो?

ख़ामोशी छा जाती है।

तुम जो भी जानकारी छुपा रहे हो, मेरी सलाह है कि उसे इसी समय बता दो।

हैरी

परसों एल्बस और मेरे बीच बहस हुई थी।

ड्रेको

और...

हैरी झिझकता है और फिर बहादुरी से ड्रेको से नज़रें मिलाता है।

हैरी

और मैंने उससे कह दिया कि कई बार मैं सोचता हूँ कि काश वह मेरा बेटा न होता।

एक बार फिर ख़ामोशी छा जाती है। एक गहरी शक्तिशाली ख़ामोशी। और फिर ड्रेको हैरी की तरफ़ एक ख़तरनाक क़दम उठाता है।

ड्रेको

अगर स्कॉर्पियस को कुछ हुआ तो...

जिनी ड्रेको और हैरी के बीच आ जाती है।

जिनी

धमकियाँ मत दो ड्रेको, कृपया ऐसा मत करो।

ड्रेको *(गरजते हुए)*

मेरा बेटा खोया है!

जिनी *(उतनी ही गरजते हुए)*

मेरा भी!

ड्रेको जिनी से निगाह मिलाता है। कमरे में सच्ची भावनाएँ हैं।

ड्रेको *(होंठों को सिकोड़ते हुए, अपने पिता की तरह)*

अगर तुम्हें सोना चाहिए हो... तो मैल्फ़ॉय परिवार के पास जो भी है... वह मेरा एकमात्र वारिस है... वह मेरा – एकमात्र परिवार है।

हर्माइनी

मंत्रालय के भंडार में बहुत सा सोना जमा है, धन्यवाद ड्रेको।

ड्रेको जाने लगता है। वह रुक जाता है। वह हैरी की तरफ़ देखता है।

ड्रेको

हैरी पॉटर, मुझे परवाह नहीं है कि तुमने क्या किया था या तुमने किसे बचाया था, लेकिन मेरे परिवार पर तो तुम अटल शाप की तरह हो।

अंक एक दृश्य अठारह

जादू मंत्रालय, गलियारा

स्कॉर्पियस / हैरी

और तुम्हें यक़ीन है कि वह चीज़ यहीं है?

एक पहरेदार पास से गुज़रता है। स्कॉर्पियस / हैरी और डेल्फ़ी / हर्माइनी अपनी भूमिका निभाने की कोशिश करते हैं।

हाँ मंत्रीजी, मैं निश्चित रूप से सोचता हूँ कि इस मुद्दे पर मंत्रालय को लंबे समय तक सोच–विचार करना चाहिए, हाँ।

पहरेदार *(सिर हिलाते हुए)*

मंत्रीजी।

डेल्फ़ी / हर्माइनी

हम मिलकर इस पर विचार करते हैं।

पहरेदार चला जाता है, वे राहत की साँस छोड़ते हैं।

सत्य–द्रव के इस्तेमाल का विचार मेरे अंकल का था – मंत्रालय का एक अधिकारी मिलने आया था, जिसके पेय में हमने इसे मिला दिया था। उसने हमें बता दिया कि काल–परिवर्तक को सँभालकर रखा गया है और उसने हमें यह भी बता दिया कि कहाँ – ख़ुद जादू मंत्री के ऑफ़िस में।

वह एक दरवाज़े की तरफ़ इशारा करती है। अचानक उन्हें आवाज़ सुनाई देती है।

हर्माइनी (दूर से)

हैरी... हमें इस बारे में बात करनी चाहिए...

हैरी *(दूर से)*

बात करने के लिए कुछ है ही नहीं।

डेल्फ़ी / हर्माइनी

ओह नहीं।

एल्बस / रॉन

हर्माइनी। और डैडी।

तुरंत ही सब दहशत में आ जाते हैं।

स्कॉर्पियस / हैरी

ठीक है। छिपने की जगहें। कोई छिपने की जगह भी नहीं है। कोई अदृश्य सम्मोहन जानता है?

डेल्फ़ी / हर्माइनी

क्या हम – उनके ऑफ़िस में चलें?

एल्बस / रॉन

वे अपने ऑफ़िस में ही आ रही होंगी।

डेल्फ़ी / हर्माइनी

दूसरी कोई जगह नहीं है।

वह दरवाज़ा खोलने की कोशिश करती है। वह दोबारा कोशिश करती है।

हर्माइनी *(दूर से)*

अगर तुम मुझसे या जिनी से इस बारे में बात नहीं करोगे...

स्कॉर्पियस / हैरी

पीछे हटो। अलोहोमोरा!

वह दरवाज़े पर अपनी छड़ी तानता है। दरवाज़ा खुल जाता है। वह मुस्कुराता है – आनंदित।

एल्बस। उसे रोको। यह काम तुम्हें ही करना होगा।

हैरी *(दूर से)*

कहने के लिए है ही क्या?

एल्बस / रॉन

मैं। क्यों?

डेल्फ़ी / हर्माइनी

देखो, यह काम हम दोनों में से कोई नहीं कर सकता, है ना? जो दो लोग यहाँ आ रहे हैं, हम दोनों उन्हीं के वेष में हैं।

हर्माइनी *(दूर से)*

तुमने जो कहा था, वह सरासर ग़लत था – लेकिन – यहाँ इतनी सारी चीज़ें उलझी हुई हैं कि –

एल्बस / रॉन

लेकिन मैं नहीं कर सकता... मैं नहीं कर सकता...

हल्की सी हलचल होती है और फिर एल्बस / रॉन अंत में दरवाज़े के बाहर खड़ा रहता है, जब हर्माइनी और हैरी दूर से दाख़िल होते हैं।

हैरी

हर्माइनी, मैं तुम्हारी चिंता के लिए कृतज्ञ हूँ, लेकिन इसकी कोई ज़रूरत नहीं है –

हर्माइनी

रॉन?

एल्बस / रॉन

हैरान रह गईं!!!

हर्माइनी

तुम यहाँ क्या कर रहे हो?

एल्बस / रॉन

क्या किसी को अपनी पत्नी से मिलने के लिए बहाने की ज़रूरत पड़ती है?

वह हर्माइनी को कसकर चूम लेता है।

हैरी

मुझे जाना चाहिए...

हर्माइनी

हैरी। मेरा मुद्दा यह है कि ड्रेको जो भी कहता है – तुमने एल्बस से जो बातें कही हैं... मुझे नहीं लगता कि इस पर सोचते रहने से हममें से किसी का भी भला होगा...

एल्बस/रॉन

ओह, तुम उस बारे में बात कर रही हो, जो हैरी ने कहा था कि काश मैं – *(वह खुद को सही करता है)* एल्बस उसका बेटा नहीं होता, तो अच्छा होता।

हर्माइनी

रॉन!

एल्बस/रॉन

मैं तो यह कहता हूँ कि छुपाकर रखने के बजाय सामने लाना बेहतर है...

हर्माइनी

वह समझ जाएगा... हम सब ऐसी बातें कह देते हैं, जो हम सचमुच नहीं सोचते। वह यह बात जानता है।

एल्बस/रॉन

लेकिन क्या हो, अगर हम कई बार ऐसी बातें कह दें, जो हम सचमुच सोचते हैं... तब क्या होगा?

हर्माइनी

रॉन, सच्ची, यह समय नहीं है।

एल्बस/रॉन

ज़ाहिर है, यह नहीं है। विदा डार्लिंग।

एल्बस/रॉन उसे जाते हुए देखता है और उम्मीद करता है कि वह अपने ऑफ़िस के पास से निकलकर दूर चली जाएगी। लेकिन ज़ाहिर है, वह ऐसा नहीं करती है। हर्माइनी दरवाज़े से अंदर जाए, इससे पहले उसे रोकने के लिए वह दौड़ता है। वह उसके सामने एक बार अड़ता है और फिर दूसरी बार आ जाता है। इसके लिए वह अपने कूल्हों को मटकाता है।

हर्माइनी

तुम मेरे ही ऑफ़िस में घुसने से मुझे क्यों रोक रहे हो?

एल्बस/रॉन

मैं। नहीं। रोक। रहा। हूँ।

वह एक बार फिर दरवाज़े की तरफ़ बढ़ती है, रॉन एक बार फिर बीच में आ जाता है।

हर्माइनी

तुम रोक रहे हो। मुझे मेरे कमरे में जाने दो, रॉन।

हर्माइनी चकमा देकर पास से गुज़रने की कोशिश करती है।

एल्बस/रॉन

चलो, एक और बच्चा पैदा करते हैं।

हर्माइनी

क्या?

एल्बस/रॉन

या अगर एक और बच्चा नहीं, तो लंबी छुट्टियाँ ही सही। मैं या तो बच्चा चाहता हूँ या फिर लंबी छुट्टियाँ और मैं इस बात पर ज़ोर देने वाला हूँ। प्रिये, क्या हम इस बारे में बाद में बात करें? शायद रिसती कड़ाही में पेय के साथ? तुमसे प्यार करता हूँ।

हर्माइनी सोचती है, वह शंकालु अंदाज़ में उसे घूरती है और एक बार फिर अपने दरवाज़े को देखती है। वह नरम पड़ जाती है।

हर्माइनी

अगर वहाँ एक और बदबूदार टिकिया हुई, तो भगवान भी तुम्हारी मदद नहीं कर पाएगा। ठीक है। वैसे भी हमें मगलुओं को ताज़ा जानकारी देनी है।

वह जाती है। हैरी उसके साथ बाहर जाता है।

एल्बस/रॉन दरवाज़े की तरफ़ मुड़ता है। वह दोबारा अंदर आती है, इस बार अकेली।

बच्चा – या – लंबी छुट्टियाँ? कई बार तो तुम्हारा दिमाग़ ख़राब हो जाता है, तुम्हें पता है?

एल्बस/रॉन

इसीलिए तो तुमने मुझसे शादी की थी, है ना? मेरे हँसी–मज़ाक़ का चुलबुला अंदाज़।

वह एक बार फिर बाहर जाती है। वह दरवाज़ा खोलने लगता है, लेकिन एक बार फिर वह दोबारा अंदर आ जाती है, वह दरवाज़ा कसकर बंद कर देता है।

हर्माइनी

मुझे मछली की गंध आ रही है। मैंने तुमसे कहा था कि मछली के सैंडविचों से दूर रहो।

एल्बस/रॉन

सही कहा था।

वह बाहर जाती है। वह जाँच करता है कि वह चली गई है और राहत उसके पूरे शरीर से टपकने लगती है, जब वह दरवाज़ा खोलता है।

अंक एक दृश्य उन्नीस

जादू मंत्रालय, हर्माइनी का ऑफ़िस

हर्माइनी *के ऑफ़िस के दरवाज़े के दूसरी तरफ़* स्कॉर्पियस/हैरी *और* डेल्फ़ी/हर्माइनी *इंतज़ार कर रहे हैं, तभी* एल्बस/रॉन *दाख़िल होता है – वह ढेर हो जाता है, थका हुआ।*

एल्बस/रॉन

यह सब बहुत अजीब है।

डेल्फ़ी/हर्माइनी

तुमने बहुत बढ़िया काम किया। अच्छी तरह रोका।

स्कॉर्पियस/हैरी

तुमने अपनी आंटी को लगभग पाँच सौ बार चूमा होगा। मुझे समझ नहीं आ रहा है कि इसके लिए तुम्हें शाबाशी दूँ या त्योरी चढ़ाऊँ।

एल्बस/रॉन

रॉन प्रेमी स्वभाव का है। मैं तो बस हर्माइनी का ध्यान भटका रहा था, स्कॉर्पियस। मैंने उनका ध्यान भटका दिया।

स्कॉर्पियस/हैरी

और फिर वह बात, जो तुम्हारे डैडी ने कही थी...

डेल्फ़ी/हर्माइनी

लड़को... वे लौट आएँगी – हमारे पास ज़्यादा समय नहीं है।

एल्बस/रॉन *(स्कॉर्पियस/हैरी से)*

तुमने सुना?

डेल्फ़ी/हर्माइनी

हर्माइनी काल–परिवर्तक को कहाँ छिपाएँगी? *(वह कमरे में चारों तरफ़ देखती है और उसे किताबों की अलमारियाँ नज़र आती हैं।)* किताबों की अलमारियों में छानबीन करते हैं।

वे खोजने लगते हैं। स्कॉर्पियस/हैरी चिंता से अपने दोस्त को देखता है।

स्कॉर्पियस/हैरी

तुमने मुझे बताया क्यों नहीं?

एल्बस/रॉन

मेरे डैडी कहते हैं कि काश मैं उनका बेटा न होता। यह बातचीत शुरू करने का अच्छा विषय तो नहीं है!

स्कॉर्पियस/हैरी यह सोचता है कि क्या कहे।

स्कॉर्पियस/हैरी

मैं जानता हूँ कि – वोल्डेमॉर्ट वाली अफ़वाह – सच नहीं है – और – तुम जानते हो – लेकिन मुझे लगता है, कई बार मेरे डैडी भी यही सोचते हैं : मैंने इसे कैसे पैदा कर दिया?

एल्बस/रॉन

मेरे डैडी से *फिर भी* बेहतर है। मुझे पूरा यक़ीन है, वे ज़्यादातर समय यही सोचते होंगे : मैं उसे कैसे लौटा सकता हूँ?

डेल्फ़ी/हर्माइनी स्कॉर्पियस/हैरी को किताब की अलमारियों की तरफ़ खींचती है।

डेल्फ़ी/हर्माइनी

शायद हमें सामने मौजूद मामले पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

स्कॉर्पियस/हैरी

मेरा मुद्दा यह है – कोई तो कारण है – कि हम दोस्त हैं, एल्बस – कोई तो कारण है जिसकी बदौलत हम एक–दूसरे को मिले, है ना? और यह जो भी है – रोमांच...

फिर वह शेल्फ़ पर एक किताब देखता है, जिससे उसकी त्योरी चढ़ जाती है।

क्या तुमने इन शेल्फ़ों पर रखी किताबें देखीं? यहाँ तो कुछ बहुत ख़तरनाक किताबें हैं। प्रतिबंधित किताबें। शापित किताबें।

एल्बस/रॉन

मुश्किल भावनात्मक मुद्दों से स्कॉर्पियस को कैसे भटकाएँ? उसे लाइब्रेरी में ले जाएँ।

स्कॉर्पियस/हैरी

प्रतिबंधित खंड की सारी पुस्तकें हैं और इसके अलावा दूसरी पुस्तकें भी हैं। *जादू सबसे बुरा,* पंद्रहवीं सदी के परम दुष्ट *जादूगर। एक जादूगर की कविताएँ* – इसकी इजाज़त तो हॉगवर्ट्स में भी नहीं है!

एल्बस/रॉन

छायाएँ और आत्माएँ। जादू–टोने की कंटालिका मार्गदर्शिका।

डेल्फ़ी/हर्माइनी

वे काफ़ी बढ़िया हैं, है ना...

एल्बस/रॉन

दूधिया अग्नि का सच्चा इतिहास। सम्मोहन शाप और इसका दुरुपयोग कैसे करें।

स्कॉर्पियस/हैरी

और इधर देखो। वाह। *सिबिल ट्रिलोनी की मेरी आँखें और उनके पार कैसे देखें।* भविष्यकथन पर पुस्तक। हर्माइनी ग्रेंजर भविष्यकथन से नफ़रत करती हैं। यह रोचक है। यह एक खोज है...

वह पुस्तक को शेल्फ़ से खींचता है। और यह गिरकर खुल जाती है। और बोलती है।

किताब

पहला चौथा है, निराशाजनक निशान
यह पार्क्ड में मिलेगा, लेकिन पार्क में नहीं।

स्कॉर्पियस/हैरी

ठीक है। बोलने वाली पुस्तक। बड़ी अजीब बात है।

किताब

दूसरा दोपायों में कम सुंदर है। अनैतिक, बालों वाला, अंडे का रोग।

और तीसरा सैर भी है और चलने वाला मार्ग भी।

एल्बस/रॉन

यह एक पहेली है। यह हमें एक पहेली दे रही है।

किताब

शहर में एक मोड़, झील में एक फिसलन।

डेल्फ़ी/हर्माइनी

तुमने क्या किया?

स्कॉर्पियस/हैरी

मैंने, उह, मैंने एक पुस्तक खोली थी। एक ऐसी चीज़ – जो इस संसार में मेरे तमाम वर्षों में – कभी ख़ास ख़तरनाक काम नहीं रहा।

पुस्तकें हाथ बढ़ाकर एल्बस/रॉन को पकड़ने की कोशिश करती हैं। वह उनकी पकड़ से जैसे–तैसे बचता है।

एल्बस/रॉन

यह क्या है?

डेल्फ़ी/हर्माइनी *(रोमांचित स्वर में)*

उन्होंने इसे हथियारबंद कर दिया है। उन्होंने अपनी लाइब्रेरी को हथियारबंद कर दिया है। काल–परिवर्तक यहीं होगा। हम पहेली को सुलझा लेंगे, तो यह हमें मिल जाएगा।

एल्बस/रॉन

पहला चौथा है। आपको यह पार्क्ड में मिलेगा, लेकिन पार्क में नहीं।

ईडी – डीई –

स्कॉर्पियस/हैरी

दूसरा अंडे का रोग है, जो दोपायों में कम सुंदर है...

डेल्फ़ी/हर्माइनी *(भावुक अंदाज़ में)*

पुरुष! डि–मेन–टर्स यानी दमपिशाच। हमें दमपिशाचों पर पुस्तक खोजनी होगी। एल्बस! *(वह पुस्तक की अलमारी के पास जाती है और हैरान हो जाती है, जब यह उसे निगलने की कोशिश करती है।)*

एल्बस/रॉन अलमारी की तरफ़ दौड़ता है, लेकिन बहुत देर हो चुकी है, क्योंकि अलमारी डेल्फ़ी को पूरा निगल चुकी है।

एल्बस/रॉन

डेल्फ़ी! क्या हो रहा है?

स्कॉर्पियस/हैरी

ध्यान केंद्रित करो। वही करो जो उसने कहा था। दमपिशाचों पर पुस्तक खोजो और बहुत सावधान रहना।

एल्बस/रॉन

यहाँ। *दबंग दमपिशाच : अज़्काबान का इतिहास।*

पुस्तक उड़कर खुलती है और ख़तरनाक ढंग से स्कॉर्पियस/हैरी पर झपटती है, जिसे रास्ते से हटने के लिए उसे चकमा देना पड़ता है। वह किताब की एक अलमारी से कसकर टकराता है, जो उसे निगलने की कोशिश करती है।

पुस्तक

मैं एक पिंजरे में पैदा हुआ था
लेकिन इसे गुस्से से चकनाचूर कर दिया
मेरे भीतर के गॉन्ट ने
रिडल को उससे मुक्त किया
जो मेरी जान लेने वाला था।

एल्बस/रॉन

वोल्डेमॉर्ट।

डेल्फ़ी अपने असली हुलिए में पुस्तकों से निकलती है।

डेल्फ़ी

ज़्यादा तेज़ी से काम करो!

वह चीख़ती है, जब उसे दोबारा अंदर खींच लिया जाता है।

एल्बस/रॉन

डेल्फ़ी! डेल्फ़ी!

वह उसका हाथ पकड़ने की कोशिश करता है, लेकिन वह जा चुकी है।

स्कॉर्पियस / हैरी

वह अपने असली रूप में आ गई है – क्या तुमने ग़ौर किया?

एल्बस / रॉन

नहीं! क्योंकि मैं इस बारे में ज़्यादा चिंता कर रहा था कि किताब की अलमारी उसे निगल रही है! खोजो। कुछ भी। वोल्डेमॉर्ट पर कोई किताब।

उसे एक किताब मिल जाती है।

इसका शीर्षक है नागशक्ति का वारिस? क्या तुम्हें लगता है, यही है?

वह पुस्तक को शेल्फ़ से खींचता है, यह पलटकर उसे खींचती है। वह पुस्तक की अलमारी से जूझने की बेतहाशा कोशिश करता है, लेकिन अलमारी एल्बस / रॉन को निगल लेती है।

स्कॉर्पियस / हैरी

एल्बस? एल्बस!!

स्कॉर्पियस / हैरी उसके पास पहुँच पाए, इससे पहले ही एल्बस / रॉन जा चुका है। वह एक पल के लिए सोचता है, शंका से भरा हुआ और फिर उसे अहसास होता है कि अब यह काम उसे ही पूरा करना है।

ठीक है। वह नहीं। वोल्डेमॉर्ट। वोल्डेमॉर्ट। वोल्डेमॉर्ट।

वह अलमारियों पर नज़र दौड़ाता है।

मारवोलो : असली सच्चाई, यही होनी चाहिए...

वह इसे खींचता है। एक बार फिर यह दूर झूलती है, हल्का प्रकाश डालती है और पहले सुनी आवाज़ से ज़्यादा गहरी आवाज़ आती है।

किताब

मैं वह प्राणी हूँ, जिसे तुमने नहीं देखा है
मैं तुम हूँ। मैं मैं हूँ। गूँज अप्रत्याशित।
कई बार आगे, कई बार पीछे,
सतत साथी, क्योंकि हम जुड़े हुए हैं।

एल्बस किताबों से प्रकट होता है। अपने असली रूप में।

स्कॉर्पियस / हैरी

एल्बस...

वह उसे पकड़ने की कोशिश करता है, लेकिन अलमारी ज़्यादा शक्तिशाली साबित होती है।

एल्बस

नहीं। बस – **सो....चो।**

एल्बस को तेज़ी से किताब की अलमारी में खींच लिया जाता है।

स्कॉर्पियस / हैरी

लेकिन मैं नहीं कर सकता... अदृश्य गूँज, यह क्या है? मैं जिस एक चीज़ में अच्छा हूँ, वह है सोचना और जब मुझे सोचने की ज़रूरत है – तो मैं नहीं सोच पाता।

पुस्तकें उसे अपने अंदर खींच लेती हैं; वह शक्तिहीन है। यह दहशत भरा है।

ख़ामोशी। तीनों को ही अंदर खींच लिया गया है। कुछ नहीं बचता है।

फिर **धमाका** *– अलमारी से पुस्तकों का ढेर गिरता है – और स्कॉर्पियस दोबारा प्रकट होता है। पुस्तकों को एक तरफ़ धकाते हुए।*

स्कॉर्पियस

नहीं! तुम नहीं! सिबिल ट्रिलोनी। नहीं!!!

वह चारों तरफ़ देखता है, हारा हुआ, लेकिन ऊर्जा से भरा हुआ।

यह सब ग़लत है। एल्बस? क्या तुम मेरी आवाज़ सुन सकते हो? यह सब एक छोटे से काल–परिवर्तक के लिए। सोचो, स्कॉर्पियस। सोचो।

पुस्तकें उसे जकड़ने की कोशिश करती हैं, लेकिन वह उनकी पकड़ से बच जाता है।

सतत साथी। कई बार पीछे। कई बार आगे। ठहरो। मैं इसे चूक गया था। छाया। तुम एक छाया हो। छायाएँ और आत्माएँ। यही होनी चाहिए...

वह पुस्तकों की अलमारी पर चढ़ता है, ऊपर जाते–जाते यह दहशत भरा होता जाता है। यह उसके हर क़दम पर उसे पकड़ने की कोशिश करती है। वह शेल्फ़ से पुस्तक खींचता है। यह बाहर आ जाती है और आवाज़ तथा गहमागहमी अचानक थम हो जाती है।

क्या यही –

अचानक एक धमाका होता है और एल्बस तथा डेल्फ़ी अलमारियों से निकलकर फ़र्श पर आ गिरते हैं।

हमने इसे हरा दिया! हमने लाइब्रेरी को हरा दिया!

वह अपने हाथ विजय में उठाता है, जब एल्बस चिंता से डेल्फ़ी को देखता है।

एल्बस

डेल्फ़ी, तुम ठीक...?

डेल्फ़ी

वाह। क्या सैर थी!

एल्बस उस पुस्तक पर ग़ौर करता है, जिसे स्कॉर्पियस अपने सीने से चिपकाए है।

एल्बस

क्या यही है...? स्कॉर्पियस? उस पुस्तक के भीतर क्या है?

डेल्फ़ी

मैं सोचती हूँ कि हमें पता लगाना चाहिए, है ना?

स्कॉर्पियस पुस्तक को खोलता है। इसके बीचोबीच में है एक घूमता हुआ काल–परिवर्तक।

वाह!

स्कॉर्पियस

हमें काल–परिवर्तक मिल गया है – मैंने कभी नहीं सोचा था कि हम इतनी दूर तक पहुँच पाएँगे।

एल्बस

दोस्त, अब हमें जब यह मिल गया है, तो अगला क़दम है सेडरिक को बचाना। हमारी यात्रा अभी शुरू ही हुई है।

स्कॉर्पियस

अभी शुरू ही हुई है और हम अधमरे हो गए हैं। अच्छा है। यह बड़ी अच्छी यात्रा होगी।

फुसफुसाहटें गर्जना तक ऊपर उठती हैं। और अँधेरा छा जाता है।

मध्यांतर